https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 4 । अंक: 128 | जयपुर, शनिवार, 19 अप्रैल, 2025 । बैशाख, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2082 | पृष्ठ: 10 । मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### जेल में सिम कार्ड पहुंचाने वाला प्रहरी बर्खास्त

**बेधड़क,जयपुर।** अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में सिम कार्ड पहुंचाने की कोशिश कर रहे जेल प्रहरी छोटा राम को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। आरोपी को वर्दी की विसल में टेप से तीन मोबाइल सिम कार्ड छिपाकर जेल में ले जाते वक्त पकड़ा गया। डीआईजी जेल मोनिका अग्रवाल के अनुसार, छोटा राम 24 फरवरी की शाम 6 बजे से रात 2 बजे तक ड्यूटी पर था। ड्यूटी पर पहुंचने के बाद तलाशी के दौरान कांस्टेबल अमरचंद को विसल में छिपाए सिम कार्ड मिले। इस मामले में सिविल लाइन थाने में केस दर्ज कराया गया है।

### जेईई मेन सत्र-2 की आंसर की जारी, रिजल्ट आज

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई मेन सत्र-2 पेपर-1 की अंतिम उत्तर कुंजी शुक्रवार को जारी कर दी। परीक्षा में शामिल उम्मीदवार जेईई मेन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उत्तर कुंजी डाउनलोड कर सकते हैं। एनटीए ने अंतिम उत्तर कुंजी से दो सवाल हटा दिए हैं। नियमानुसार, इन प्रश्नों के लिए सभी परीक्षार्थियों को पूर्ण अंक दिए जाएंगे। साथ ही, एनटीए ने जेईई मेन सत्र-2 का परिणाम 19 अप्रैल को जारी करने की घोषणा की है।

### तीन शावकों के साथ दिखी बाघिन सुल्ताना


**जयपुर।** रणथंभौर से बड़ी खबर सामने आई है। जोन-1 में हम्मीर कुंड के पास बाघिन टी 107 सुल्ताना को तीन शावकों के साथ देखा गया है। यह चौथी बार है, जब 9 वर्षीय सुल्ताना मां बनी है। वन विभाग के अनुसार, शावकों के पिता टी 101 'हैड्स' हैं। सुल्ताना, मशहूर बाघिन टी 39 नूर की बेटी है।


## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- दुनियाभर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण


# श्रीमद्भगवद्गीता, नाट्यशास्त्र यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ वर्ल्ड' में शामिल

**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को वैश्विक मंच पर एक बड़ी पहचान मिली है। यूनेस्को ने श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया है। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि यूनेस्को का मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर दुनिया की महत्वपूर्ण दस्तावेजी धरोहरों को बचाने और उन्हें हमेशा के लिए उपलब्ध कराने की एक कोशिश है। इस कदम से इन ग्रंथों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में कुल 74 नई एंट्रीज की गई हैं, जिससे कुल अभिलेखित संग्रहों की संख्या 570 हो गई है।





### नाट्यशास्त्र: प्रदर्शन कलाओं का वर्णन

भरत मुनि का नाट्यशास्त्र प्रदर्शन कलाओं का वर्णन करने वाले संस्कृत काव्य छंदों का संग्रह है। इसमें नाट्य (नाटक), अभिनय, रस (सौंदर्य अनुभव), भाव (भावना), संगीत आदि को परिभाषित करने वाले नियमों का एक व्यापक दृष्टिकोण है। यह कलाओं पर एक प्राचीन विश्वकोश ग्रंथ है, जो भारतीय रंगमंच, काव्यशास्त्र, सौंदर्यशास्त्र, नृत्य और संगीत को प्रेरित करता है।

### श्रीमद्भगवद्गीता: धार्मिक विचारों का मिश्रण

श्रीमद्भगवद्गीता के 18 अध्यायों में 700 श्लोक हैं। यह महाभारत काल का एक अनुपम हिंदू धर्मग्रंथ है। यह वैदिक, बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसे प्राचीन भारतीय धार्मिक विचारों का मिश्रण है और कर्तव्य, ज्ञान और भक्ति के महत्त्व पर आधारित है। श्रीमद्भगवद्गीता को सदियों से पूरी दुनिया में पढ़ा गया है और कई भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है।

### अमित शाह ने की सराहना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के 'विश्व स्मृति रजिस्टर' में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपने सांस्कृतिक ज्ञान को वैश्विक कल्याण का केंद्र बनाने का सतत प्रयास किया है। शाह ने इसे भारत के प्राचीन ज्ञान की वैश्विक मान्यता बताते हुए हर भारतीय को बधाई दी।

### 'कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति का पोषण'

श्रीमद्भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर में शामिल किए जाने पर पीएम मोदी ने खुशी जताते हुए एक्स पर लिखा कि भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना, "हमारी कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता" है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्मग्रंथों ने सदियों से सभ्यता और चेतना को पोषित करने का काम किया है।

### भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर में शामिल किया जाना सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। यह उपलब्धि न केवल भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता है, बल्कि भारत सरकार द्वारा उसके संरक्षण और संवर्धन के लिए किए गए सतत प्रयासों का प्रतीक भी है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक पहचान को विश्वपटल पर उजागर किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संघ और भाजपा नेतृत्व से की मुलाकात

# दिल्ली दौरे से राजनीतिक नियुक्तियों के कयास तेज!

■ बोर्ड और निगमों में नियुक्तियों को लेकर जल्द हो सकता है बड़ा फैसला

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को दिल्ली दौरे पर रहे। सीएम के दिल्ली दौरे ने प्रदेश में राजनीतिक हलचल बढ़ा दी हैं। सीएम ने दिल्ली स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय केशव कुंज में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों से करीब दो घंटे मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने भाजपा मुख्यालय में पार्टी के संगठन महामंत्री बीएल संतोष से भी मुलाकात की। इसके बाद लंबे समय से नियुक्तियों का इंतजार कर रहे संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं की उम्मीद बढ़ गई है। माना जा रहे है सीएम ने संगठन की भावी रणनीति, खाली पड़े पदों पर नियुक्तियों को लेकर दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की है। ऐसे में अब कयास लगाए जा रहे हैं कि बोर्ड और निगमों में नियुक्तियों को लेकर जल्द कोई फैसला हो सकता है।



### सीएम आज से तीन दिवसीय शेखावाटी दौरे पर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार से तीन दिवसीय शेखावाटी दौरे पर रहेंगे। सीएम सीकर, झुंझुनूं और चूरू जिले के दौरे के पर आमजन से संवाद करेंगे, साथ ही यमुना जल प्रवाह प्रणाली, पाइपलाइन प्रोजेक्ट्स और डेम निर्माण पर बैठक करेंगे। सीएम सुबह सीएमआर से रवाना होकर चौमूं, गोविन्दगढ़, सरगोठ, रींगस होते हुए सीकर सर्किट हाउस पहुंचेंगे। रास्ते में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। चौमूं में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण किया। सीकर पहुंचने पर सीएम यूआईटी परिसर में जनसुनवाई करेंगे और सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके बाद वे धोद व लक्ष्मणगढ़ होते हुए फतेहपुर जाएंगे और रात्रि विश्राम वहीं करेंगे। रविवार को वे मण्डावा व मुकुन्दगढ़ होते हुए झुंझुनूं पहुंचेंगे, जहां जनसुनवाई और अधिकारियों से विकास योजनाओं पर चर्चा करेंगे। इसके बाद वे पिलानी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री पिलानी में यमुना जल समझौते की डीपीआर को लेकर गठित संयुक्त टास्क फोर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### 18 विधानसभाओं को करेंगे कवर

बिट्स पिलानी से सोमवार को मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से मलसीसर पहुंचेंगे और डैम का निरीक्षण करेंगे। चूरू में पुलिस लाइन में कार्यक्रम में शामिल होकर वे प्रेमपुरा (सीकर) में स्व. ईश्वर राम हिण्डाला की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। दौरे का समापन फागी (जयपुर) में भक्त श्री धन्ना भगत की 610वीं जयंती महोत्सव में भाग लेकर होगा। इस तीन दिवसीय दौरे में मुख्यमंत्री 18 विधानसभाओं को कवर करेंगे और यमुना जल प्रवाह प्रणाली, डैम निरीक्षण और जन संवाद के माध्यम से क्षेत्रीय विकास को गति देने का प्रयास करेंगे।

## अमेरिका में छात्रों की बढ़ी मुश्किलें

# एक हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स वीजा रद्द

छात्रों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ दायर किया केस

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका में पढ़ाई कर रहे विदेशी छात्रों के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में अमेरिका ने 1,000 से अधिक विदेशी छात्रों के वीजा रद्द करने के बाद अब उनकी अमेरिका में रहने की अनुमति भी वापस ले ली है। कई छात्रों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ केस दायर करते हुए आरोप लगाया है कि सरकार ने अचानक और बिना चेतावनी के उनकी वैध उपस्थिति को अवैध घोषित कर दिया। इन छात्रों में हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड जैसे प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ ओहियो स्टेट और मैरीलैंड विश्वविद्यालय जैसे सार्वजनिक संस्थानों के विद्यार्थी भी शामिल हैं। मार्च के अंत से अब तक 160 शैक्षणिक संस्थानों के कम से कम 1,024 छात्रों पर यह कार्रवाई हुई है।



### भुगतने होंगे गंभीर परिणाम!

अमेरिकी विदेश विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि देश के कानूनों का उल्लंघन करने वाले विदेशी छात्रों को निर्वासन सहित गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। विभाग की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड ने कहा कि ट्रंप प्रशासन आव्रजन और विदेशी पंजीकरण अधिनियम जैसे कानूनों को सख्ती से लागू कर रहा है। भारतीय छात्रों से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, "जो छात्र कानून का पालन करते हैं, अमेरिका उनके लिए अवसरों की भूमि है, लेकिन उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई तय है।'

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## 16 आतंकी घटनाओं में था वांछित

# आतंकी हैप्पी पासिया अमेरिका में गिरफ्तार

**एजेंसी** | चंडीगढ़

पंजाब में 14 ग्रेनेड हमलों सहित 16 आतंकी घटनाओं में वांछित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को अमेरिका के सैक्रामेंटो में एफबीआई और अमेरिकी ईआरओ ने गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने जनवरी में उस पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। पासिया बब्बर खालसा के आतंकी रिंदा के संपर्क में था और हथियार सप्लाई में भी सक्रिय था। पंजाब पुलिस ने उसके खिलाफ 33 एफआईआर और 10 लुकआउट नोटिस जारी किए हैं।




### अमेरिकी हमले में 74 हूती विद्रोहियों की मौत

**दुबई।** यमन के रास ईसा तेल बंदरगाह पर अमेरिका की ओर से किए गए हवाई हमलों में कम से कम 74 हूती विद्रोहियों की मौत हो गई और 171 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी यमन में सक्रिय हूती विद्रोहियों ने दी। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य हूती विद्रोहियों के ईंधन और आर्थिक संसाधनों को कमजोर करना था।

## मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर दिया करारा जवाब

# भारत के मामलों में दखल न दे बांग्लादेश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत ने बंगाल हिंसा पर टिप्पणी करने वाले बांग्लादेश को सख्त लहजे में जवाब देते हुए साफ कहा है कि उसे भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के बजाय अपने देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। दरअसल, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के प्रेस सेक्रेटरी ने बयान दिया था कि भारत को मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा से प्रभावित मुस्लिम अल्पसंख्यकों की रक्षा करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने इस बात से इनकार किया कि इस हिंसा में बांग्लादेश की कोई भूमिका है। भारत सरकार ने शुक्रवार को इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी।



### खुलेआम घूम रहे अपराधियों की करें फिक्र

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश का यह बयान न केवल कपटपूर्ण है, बल्कि अपने देश में हो रहे अल्पसंख्यक अत्याचारों से ध्यान भटकाने का प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं पर बांग्लादेश की टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते हैं। भारत ने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले और अपराधियों की खुलेआम गतिविधियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। पड़ोसी देश को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए, न कि भारत पर अंगुली उठानी चाहिए।

## आईपीएल 2025: जयपुर में दूसरा मैच आज

# लखनऊ से भिड़ेगी आरआर



मैच से पहले अभ्यास में जुटे राजस्थान रॉयल्स टीम के खिलाड़ी। फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क, जयपुर।** आईपीएल 2025 का 36वां मुकाबला शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। यह इस सीजन का जयपुर में दूसरा मुकाबला होगा। मैच रात 8 बजे से दूधिया रोशनी में शुरू होगा। मैच से एक दिन पहले दोनों टीमें जयपुर पहुंचीं और एसएमएस स्टेडियम में अभ्यास किया। राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी एक बार फिर संजू सैमसन के हाथों में है, जबकि लखनऊ सुपरजायंट्स की कमान इस बार ऋषभ पंत संभाल रहे हैं। दोनों टीमें प्लेऑफ की दौड़ में मजबूती से बनी हुई हैं।


## प्रधानमंत्री ने टेस्ला के सीईओ से फोन पर की बात

# मोदी ने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पर एलन मस्क से की चर्चा

■ 13 फरवरी को ब्लेयर हाउस में मस्क ने मोदी से की थी मुलाकात

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से फोन पर बातचीत की है। पीएम ने इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषयों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत, अमेरिका के साथ इन क्षेत्रों में अपनी दोस्ती को और आगे बढ़ाएगा। यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर एक समझौता होने की बात चल रही है। बता दें कि इस साल 13 फरवरी को ब्लेयर हाउस में मस्क ने मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान मस्क अपने तीन बच्चों- एक्स, स्ट्राइडर और एज्योर के साथ पहुंचे थे। इस दौरान इनोवेशन, स्पेस एक्सप्लोरेशन और टेस्ला के विस्तार की योजनाओं पर चर्चा हुई।



फाइल फोटो।

### गुरु तेग बहादुर जी को दी श्रद्धांजलि

पीएम ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में गुरु तेग बहादुर जी के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पीएम ने बताया कि उनका जीवन साहस और करुणामय सेवा का प्रतीक है। अन्याय के खिलाफ लड़ने में वे अडिग थे। उनकी शिक्षाएं हमें उनकी ओर से देखे गए समाज के निर्माण में प्रेरित करती रहेंगी।

### 'गुड फ्राइडे' पर साझा किए विचार

प्रधानमंत्री ने 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर कहा कि यह दिन हमें दया, करुणा और सदैव उदार हृदय रखने की प्रेरणा देता है। 'गुड फ्राइडे' ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने पर उनके बलिदान की याद में मनाया जाता है। मोदी ने एक्स पर कहा, यह दिन हमें दया, करुणा और हमेशा बड़ा दिल रखने की प्रेरणा देता है। शांति और एकजुटता की भावना हमेशा बनी रहे।"

## जरूरी खबर

### जंगली खरगोश का शिकार, दो आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर।** नाहरगढ़ क्षेत्र में जंगली खरगोश का शिकार करने का मामला सामने आया है। सूचना पर उपवन संरक्षक (वन्यजीव) विजयपाल सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी घुवेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में विशेष टीम ने बुधवार को खुराड़ गांव में जुबेर खान के फार्म हाउस पर दबिश देकर खरगोश की खाल और अंग बरामद किए। टीम ने आमेर निवासी आरोपी अबरार खान पुत्र नजर मोहम्मद व सूरजपोल निवासी उमर उर्फ कालू पुत्र मोहम्मद अब्दुल को गिरफ्तार किया, जबकि जुबेर खान व अन्य आरोपी फरार हो गए। दोनों आरोपियों को 19 अप्रैल तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। वन विभाग की टीम अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### कनि. लेखाकार सस्पेंड, 2 संविदा कर्मी की सेवा खत्म

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल ने भीलवाड़ा खंड कार्यालय में अवांछित गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कनिष्ठ लेखाकार पवन कुमार नायक को निलंबित कर दिया है। वहीं, अनुशासनहीनता पर दो संविदाकर्मियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। मंडल प्रशासन का कहना है कि कार्यालय में पारदर्शिता और कार्य संस्कृति बनाए रखने के लिए इस तरह की गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इन कर्मचारियों के विरुद्ध आंतरिक जांच में प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताएं सामने आई थी, जिसके आधार पर यह निर्णय लिया गया।

### स्वामी अवधेशानन्द गिरि ने किए धर्म स्थलों के दर्शन



**जयपुर।** जूनापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज ने अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान जयपुर के आराध्य देव गोविंदजी मंदिर, छोटी काशी के बाबा ताड़केश्वर मंदिर और चांदपोल हनुमान मंदिर के दर्शन कर विश्व शांति की प्रार्थना की। इस दौरान हाथोज धाम पीठाधीश्वर स्वामी बालमुकुन्दाचार्य महाराज भी उनके साथ रहे। विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने उन्हें राजस्थान सरकार की ओर से वैदिक संस्कार एवं शिक्षा बोर्ड का गठन किए जाने एवं गो संरक्षण के लिए किए जाने वाले नवाचारों से अवगत कराया।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' अभियान के डिजिटल संस्करण का लोकार्पण

# बार-बार चुनावों से आर्थिक संसाधनों की होती है बर्बादी: राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' अभियान को जनअभियान बनाने की दिशा में भाजपा ने डिजिटलीकरण का आगाज किया है। पार्टी मुख्यालय से शुक्रवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने इसका लोकार्पण करते हुए बताया कि इसमें डिजिटल संस्करण का एक विशेष क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन कर आम नागरिक अपने समर्थन को डिजिटल तरीके से दर्ज करा सकते हैं। इस मौके पर मदन राठौड़ ने कहा कि देश की स्थिरता और विकास के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' आवश्यक पहल है। ये जनभागीदारी से ही साकार होगा। वर्तमान में बार-बार होने वाले चुनावों से न केवल आर्थिक संसाधनों की भारी बर्बादी होती है, बल्कि बार-बार आचार संहिता से जनकल्याणकारी योजनाएं ठप हो जाती हैं। पूरा तंत्र चुनावों में व्यस्त हो जाता है, नुकसान जनता को उठाना पड़ता है। एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल एक राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को सशक्त करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने अभियान की प्रस्तावना को रेखांकित किया।



*जयपुर। एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान को लेकर भाजपा के डिजिटल संस्करण का लोकार्पण करते राठौड़ व अन्य।*

### राठौड़ का डोटासरा पर पलटवार

पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं को बंद करने को लेकर कांग्रेस नेताओं की ओर से लगाए गए आरोपों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पलटवार करते हुए कहा कि जिस पार्टी के नेता महिलाओं के साथ दुराचार करते हैं, वे हम पर सवाल उठा रहे हैं। उन्हीं के नेता महिलाओं को होटल में मिलने के लिए बुलाते हैं और उनके साथ दुराचार करते हैं। कांग्रेस को बीजेपी की कमियां निकालना बंद कर देना चाहिए। उन्हें कुछ भी बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। राठौड़ ने कहा कि हमने कोई भी योजना बंद नहीं की है, बल्कि योजनाओं को और अधिक प्रबल शुद्धीकरण करके ठीक किया है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा हों या फिर नेता प्रतिपक्ष टीकराम जूली, उन्हें बयान देने से पहले अपनी पार्टी के अंदर देख लेना चाहिए। उनकी पार्टी के नेताओं के आचरण को भी उन्हें अच्छे से देखना और समझना चाहिए।

### राष्ट्रपति को कोई निर्देश नहीं दे सकता

इसके साथ ही राठौड़ ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान का भी समर्थन करते हुए कहा कि यह सही है कि हमारे देश में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च होता है। राष्ट्रपति को कोई निर्देश नहीं दे सकता, फिर चाहे वह कोर्ट हो या अन्य संस्था। राठौड़ ने उपराष्ट्रपति के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने जो कहा है, वह सही है। इस तरह से कोई भी राष्ट्रपति को निर्देशित नहीं कर सकता।

## कोर्ट की फटकार के बाद हरकत में आया चिकित्सा विभाग

# अस्पतालों में अब हीट वेव संबंधी व्यवस्थाओं की डेली मॉनिटरिंग

- अस्पतालों में रिजर्व बैड, कूलिंग सिस्टम, ऑपरेशन थिएटर सहित दवाओं की देनी होगी दैनिक रिपोर्ट
- दवाओं की कमी पर स्थानीय स्तर पर भी दवाओं की खरीद के लिए दिए जा चुके हैं निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में हीट वेव पीक पर होने के बावजूद अस्पतालों में हीट वेव प्रबंधन को लेकर कोई ठोस इंतजाम नहीं होने पर हाई कोर्ट की फटकार के बाद चिकित्सा विभाग हरकत में आया है। इसको लेकर शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर हर स्तर पर व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी चिकित्सा संस्थानों को हीट वेव प्रबंधन को लेकर रोजाना रिपोर्ट देने के आदेश दिए। अस्पतालों को आरक्षित बेड की संख्या, एसी, कूलर, पेयजल की उपलब्धता, एंबुलेंस, ऑपरेशन थिएटर एवं उपकरणों की क्रियाशीलता, जांच एवं दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं की प्रतिदिन रिपोर्ट देनी अनिवार्य होगी।

उन्होंने दवाओं की आपूर्ति को लेकर कहा कि हीट वेव व मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। जरूरत हो तो स्थानीय स्तर पर भी दवाओं की खरीद की जाए, लेकिन दवाओं की कमी नहीं रहनी चाहिए।



*प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने ली उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक।*

### परामर्श के दिन ही हो जांच: अम्बरीश कुमार

चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेजों से अटैच अस्पतालों में व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में बैठक ली। बैठक में सभी 29 मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं संबद्ध 81 अस्पतालों के अधीक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में मरीज की जांच परामर्श के दिन ही करने, जांच लैब में सैंपल कलेक्शन का समय व स्टाफ बढ़ाने तथा किसी भी रोगी को निजी अस्पताल में नहीं भेजे जाने के निर्देश दिए। बैठक के बाद अम्बरीश कुमार ने जेके लोन अस्पताल पहुंचकर वहां वार्डों, आईसीयू, जांच लैब, दवा वितरण केंद्र आदि का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सुधार के लिए निर्देश दिए।

### व्यवस्थाओं में कमी पर संस्थान प्रभारी होंगे जिम्मेदार

राठौड़ ने निर्देश दिए कि हर चिकित्सा संस्थान में छाया, पानी, एसी, कूलर, पंखों आदि की समुचित उपलब्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। अगर किसी भी चिकित्सा संस्थान में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा, तो संबंधित संस्थान के प्रभारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी और नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जहां हीट वेव प्रबंधन के लिए जरूरी संसाधनों की कमी है, वहां तुरंत आरएमआरएस फण्ड से खरीद कर ली जाए।

### RGHS में बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू करने की तैयारी

शासन सचिव, वित्त (व्यय) नवीन जैन ने बताया कि आरजीएचएस योजना में अनियमितता व दुरुपयोग रोकने के लिए एआई तकनीक और विशेषज्ञों की मदद से क्लेम्स का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरजीएचएस योजना के क्रियान्वयन में खामियों और शिकायतों के चलते कई अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर तथा फार्मा स्टोर्स जांच के घेरे में आए हैं। अब राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार से अनुमति प्राप्त होने के बाद जल्द ही आरजीएचएस योजना में आयुष्मान योजना की तरह बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू की जाएगी।

### 24 घंटे कंट्रोल रूम संचालित करने के निर्देश

जैन ने ऑक्सीजन प्लांट्स सहित अन्य चिकित्सा उपकरणों के नियमित मेंटेनेंस पर विशेष जोर दिया। सचिव ने अस्पतालों में समुचित स्टाफ की उपलब्धता, स्टाफ की कमी होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था करने, कंट्रोल रूम का चौबीस घंटे संचालन करने सहित अन्य दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि, मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. भारती दीक्षित, खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे, राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गुलाबी नगरी में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड का होगा भव्य स्वागत



*उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी पत्नी उषा के साथ।*

**बेधड़क** | जयपुर

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस 21 अप्रैल को जयपुर दौरे पर आ रहे हैं। वे तीन दिन जयपुर में रहेंगे और 23 अप्रैल को जयपुर से आगरा ताजमहल देखने जाएंगे। अमेरिकी वाइस प्रेसिडेंट भारतीय मूल की अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी के साथ आमेर महल और जंतर-मंतर जैसी हेरिटेज साइट देखने भी जाएंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति का गुलाबी नगरी में भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जेम्स डेविड के इस दौरे से राजस्थान और भारत को व्यापारिक दृष्टि के साथ सामरिक दृष्टि से विशेष लाभ मिलेगा।

डेविड और उनकी पत्नी उषा चिलुकुरी का आना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। इस दौरे से अमेरिका के साथ हमारे संबंध और अधिक मधुर होंगे। वहीं, टैरिफ के सवाल पर राठौड़ ने कहा कि भारत प्रगतिशील देश है, आज हम निर्यात करने की स्थिति में है। आज के परिपेक्ष्य में अमेरिका को भी जरूरत है। ऐसे में हमारा प्रयास रहेगा कि आपसी सामंजस्य से टैरिफ नीति पर चर्चा की जाए।

### वक्फ की एक इंच संपत्ति भी लेने वाली नहीं है सरकार

वहीं, राठौड़ ने वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को गरीब मुसलमानों के लिए बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब मुस्लिमों के हितों को ध्यान में रखकर इस विधेयक को तैयार किया है। विधेयक की जानकारी के अभाव में कुछ लोग मुस्लिम समाज के लोगों को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन जब वक्फ की संपत्ति का उपयोग गरीब मुसलमानों की शिक्षा, चिकित्सा और उनके उत्थान के लिए किया जाएगा, तब मुस्लिम समाज यह समझ जाएगा कि यह हमारे हित में है। राठौड़ ने कहा कि वक्फ की एक इंच संपत्ति भी सरकार लेने वाली नहीं है। सरकार वक्फ की संपत्तियों को बाहुबलियों के कब्जे से छुड़ाकर उस संपत्ति से होने वाली आय का उपयोग गरीब मुस्लिम समाज के लोगों के लिए करेगी।

## भूमि विकास बैंकों द्वारा क्रय की गई भूमि लौटाई जाएगी

**बेधड़क** | जयपुर

भूमि विकास बैंकों के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत देने के लिए राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 लागू कर दी गई है। योजना के तहत ऋणी किसानों और लघु उद्यमियों को राहत मिलेगी। इसमें अवधिपार मूलधन और बीमा प्रीमियम की सम्पूर्ण राशि ऋणी द्वारा जमा कराने पर भूमि लौटाने का काम किया जाएगा। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि योजना के माध्यम से ऋणी सदस्यों को पुन मुख्यधारा में लाने के लिए राज्य सरकार की ओर से 200 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। योजना के तहत वर्ष 2014-15 से राज्य सरकार की ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत वितरित ऋणों को छोड़कर भूमि विकास बैंकों के स्तर पर 1 जुलाई, 2024 को अवधिपार हो चुके समस्त ऋण मामले राहत के लिए पात्र होंगे।

## राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए रोडमैप और कार्ययोजना जारी

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विस्तृत रोडमैप और कार्ययोजना जारी कर दी है। प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने शुक्रवार को खनिज भवन में अधिकारियों की बैठक में कहा कि खान विभाग राज्य का प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाला विभाग है। राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग ने 9228 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहित कर 23.69 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की। विभाग ने वैध खनन को बढ़ावा देने एवं राजस्व छीजत रोकने के लिए योजनाबद्ध रणनीति तैयार की है। रविकांत ने सभी कार्यालयों को मासिक लक्ष्य निर्धारित किए तथा स्वयं उनके स्तर से नियमित वीसी के माध्यम से मॉनिटरिंग करने की बात कही। निदेशक माइंस दीपक तंवर ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के पहले पखवाड़े में ही विभाग ने करीब 250 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहित कर लिया है। बैठक में श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील कुमार वर्मा, एसजी नितिन चौधरी व एसीपी जयेश सहित कई के अधिकारी उपस्थित रहे।



## बेधड़क TOON




## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष 28 अप्रैल को रहेंगे जयपुर दौरे पर

# खरगे करेंगे सभी ब्लॉक व मंडल कांग्रेस अध्यक्षों से संवाद

- निचले स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में कांग्रेस का यह बड़ा कदम

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 28 अप्रैल को जयपुर दौरे पर रहेंगे, जहां वे राजस्थान के सभी ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों से सीधा संवाद करेंगे। कांग्रेस की ओर से पहली बार किसी राष्ट्रीय अध्यक्ष का ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों से संवाद का कार्यक्रम रखा गया है। जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में प्रस्तावित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 400 ब्लॉक और 2200 मंडल अध्यक्षों को बुलाया गया है। इससे पहले खरगे ने दिल्ली में जिला अध्यक्षों के साथ संवाद किया। इस दौरान जिलाध्यक्षों से संगठन को मजबूत करने के लिए राय ली। इसमें जिलाध्यक्षों ने नवाचारों में मंडल स्तर तक कार्यकारिणी गठन को लेकर जानकारी दी, जिसकी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी सराहना की थी। इसी कड़ी में अब जयपुर में कांग्रेस की ओर से यह कार्यक्रम रखा गया है।



*अलवर में धरने को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली।*

### मंडल स्तर की कार्यकारिणी की ऑनलाइन

प्रदेश कांग्रेस ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर से निष्क्रिय लोगों को हटाकर नए सिरे से बनाया है। पीसीसी वॉर रूम इंचार्ज जसवंत गुर्जर ने बताया कि 2200 मंडल अध्यक्षों का संपूर्ण डेटा ऑनलाइन दर्ज हो चुका है। संगठन में सभी को महत्व मिले, इस दिशा में काम करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष से सीधा संवाद होगा। कांग्रेस आगामी निकाय और पंचायत चुनाव को देखते हुए ग्रास रूट पर संगठन को मजबूत करने का काम कर रही है।

### ईडी के खिलाफ कांग्रेस कमेटियों का प्रदर्शन

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट पेश करने के विरोध में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के सभी 400 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने विरोध प्रदर्शन किए। जयपुर के 16 ब्लॉकों में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, अलवर ग्रामीण में उमरैन ब्लॉक कांग्रेस के प्रदर्शन में कहा कि भाजपा सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है।

## नेशनल हेराल्ड मामला: BJP युवा मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा युवा मोर्चा ने शुक्रवार को जयपुर की छोटी चौपड़ पर नेशनल हेराल्ड घोटाले के विरोध में प्रदर्शन किया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला जलाया। चेची ने कहा कि कांग्रेस के नेता देश की संपत्ति को अपनी जागीर समझते हैं। चेची ने आरोप लगाया कि 1937 में शुरू हुआ नेशनल हेराल्ड अखबार पांच हजार शेयर होल्डर्स की संपत्ति थी, जो अब एक परिवार के हाथ में पहुंच गई। केवल 50 लाख रुपए में 90 करोड़ का राइट ऑफ कर दिया गया और करोड़ों की संपत्ति एक अज्ञात कंपनी को सौंप दी गई। चेची ने कहा कि चार वर्षों से कांग्रेस नेता कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं और अब बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे हैं। इस मौके पर युवा मोर्चा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमित कुमार नारनोलिया, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## जरूरी खबर

### ग्रीष्मकालीन मिलावट विरोधी अभियान आज से



**बेधड़क, जयपुर।** शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेशभर में 19 अप्रैल से 5 मई तक ग्रीष्मकालीन मिलावट विरोधी अभियान चलाया जाएगा। अभियान को लेकर खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच. गुईटे ने बताया कि सभी जिलों में प्रत्येक एफएसओ को इस अवधि के दौरान 60 नमूने लेने का लक्ष्य दिया गया है। इस अभियान के दौरान कुल 6000 नमूने लिए जाएंगे। अभियान के तहत प्रत्येक जिले में सबसे पहले खाद्य निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया जाएगा और दैनिक आधार पर आयुक्तालय द्वारा प्रगति की सीधी निगरानी की जाएगी। अभियान की प्रगति की समीक्षा 5 मई को की जाएगी। दूसरे चरण में अधिक निर्माण इकाइयों और थोक विक्रेताओं को शामिल किया जाएगा।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि आज

**बेधड़क, जयपुर।** राज्य सरकार की ओर से आयोजित अब तक की सबसे बड़ी चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन की आज अंतिम तिथि है। शुक्रवार देर रात तक 19 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यह भर्ती कुल 53,749 पदों के लिए आयोजित हो रही है, जिसमें गैर-अनुसूचित क्षेत्र के 48,199 और अनुसूचित क्षेत्र के 5,550 पद शामिल हैं। आवेदन के समय अभ्यर्थियों को ओटीपी से जुड़ी समस्या का सामना करना पड़ा, जिससे कई अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सके।

### मंगेतर बनकर युवक से एक माह में ठगे 10 लाख

**बेधड़क, जयपुर।** साइबर ठगों ने मंगेतर बनकर एक युवक से महज एक माह में 10 लाख रुपए ठग लिए। इस संबंध में बस्सी थाने में जमवारामगढ़ निवासी गिर्राज मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गिर्राज की सगाई 9 मार्च को सुमन मीणा नाम की युवती से हुई थी। 12 मार्च को उन्हें एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को सुमन मीणा बताया और विश्वास दिलाने के लिए ससुराल पक्ष के सभी लोगों के नाम-पते बताए। इसके बाद अलग-अलग जरूरतों का हवाला देकर 12 अप्रैल तक 28 बार में कुल 10 लाख रुपए फोन पे से ट्रांसफर करवा लिए गए। 14 अप्रैल को आए एक और फोन कॉल पर गिर्राज ने अपनी बहन से उस महिला की बात कराई। इस पर उन्हें शक हुआ और उन्होंने ससुराल पक्ष से संपर्क किया, तब जाकर ठगी का खुलासा हुआ।

**जेडीए का एक्शन:** ढूंढ नदी के पास 20 बीघा भूमि पर अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी को किया ध्वस्त

# इकोलॉजिकल जोन में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर


JDA के अधिकारी बने हैं मूकदर्शक
इकोलॉजिकल जोन में तीस बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी

सच बेधड़क
8 नवंबर, 2024 के अंक में प्रकाशित खबर
खबर का असर

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने इकोलॉजिकल जोन में अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कॉलोनी कानोता में ढूंढ नदी के पास खातेदारी कृषि भूमि पर 'सुमन सिटी' के नाम से विकसित की जा रही थी, जिसमें बिना किसी स्वीकृति के निर्माण कार्य किया गया था।

इस अवैध कॉलोनी का खुलासा फर्स्ट इंडिया/सच बेधड़क ने 8 नवंबर 2024 को प्रकाशित खबर में किया था। खबर में उजागर किया गया था कि कॉलोनी माफिया, बिना जेडीए की स्वीकृति और हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी करते हुए, कृषि भूमि का अवैध रूपांतरण कर रहे थे। कॉलोनी में मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें और अन्य निर्माण कार्य किए जा चुके थे। खबर प्रकाशित होने के बाद जेडीसी आनंदी और आईजी कैलाश विश्नोई के निर्देशन में जेडीए प्रवर्तन दस्ते ने जोन-13 में इस कॉलोनी को ध्वस्त करने की योजना बनाई। राजस्व और तकनीकी विभाग के स्टाफ द्वारा चिह्नित किए गए स्थान पर दस्ते ने पहुंचकर बुलडोज़र की मदद से अवैध निर्माण को तोड़ दिया। इससे कॉलोनी बसाने का पूरा प्रयास विफल हो गया।

### फर्स्ट इंडिया/सच बेधड़क की खबर पर लिया एक्शन





अतिक्रमण की कार्रवाई करता जेडीए का बुलडोजर।



### हाई कोर्ट के आदेशों की अनदेखी

गौरतलब है कि गुलाब कोठारी प्रकरण में राजस्थान हाई कोर्ट ने इकोलॉजिकल जोन को लेकर बेहद सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इकोलॉजिकल जोन में किसी भी प्रकार की अनियोजित और अनधिकृत बसावट की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद कॉलोनी माफिया नियमों की अनदेखी करते हुए जमीन का रूपांतरण कर रहे थे।

### रियल एस्टेट से जुड़ी दिग्गज कंपनी काट रही थी कॉलोनी

इस अवैध कॉलोनी को काटने के खेल में रियल एस्टेट से जुड़ी दिग्गज कंपनियां और राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़े परिवार शामिल थे। बाजार में 'सुमन सिटी' के नाम से नक्शे भी सामने आ चुके थे और भूखंडों की खरीद-बेचान का काम जोरों पर था, लेकिन जेडीए ने कॉलोनी काटने के प्रयास को विफल कर दिया।

### 574 आवासीय व कॉमर्शियल भूखंड

यह अवैध कॉलोनी जयपुर-आगरा राजमार्ग से सटी साठ फीट चौड़ी सड़क पर पीएचसी के सामने बसाई जा रही थी। इसका फ्रंट छह सौ फीट से अधिक का है। 'सुमन सिटी' के नक्शे में सड़क के दोनों तरफ 10x30 फीट की 55 दुकानें दर्शाई गई थीं। इसी साइज की 46 दुकानें कॉलोनी के छह सौ फीट के फ्रंट पर भी रखी गई थीं। कुल 101 कॉमर्शियल भूखंड सृजित किए गए थे। इस कॉलोनी में, जो साठ फीट सड़क पर है, एक दुकान की कीमत तीस लाख रुपये रखी गई थी। इसी तरह कॉलोनी में 473 छोटे-बड़े आवासीय भूखंड थे, जिनमें 442 भूखंड 111 वर्गगज के थे, जबकि शेष 31 भूखंड 333 वर्गगज या उससे अधिक क्षेत्रफल के थे। उक्त अवैध कॉलोनी में कॉर्नर के 333 वर्गगज व उससे अधिक क्षेत्रफल के 31 भूखंडों पर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाए जाने की योजना थी।

**जयपुर में बिना लाइसेंस के चल रहे रेस्टोरेंट्स पर सख्ती**

# नौ होटल-रेस्टोरेंट के संचालन पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में बिना लाइसेंस के चल रहे रेस्टोरेंट्स के संचालन पर हाई कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। कोर्ट ने जनहित याचिका पर आदेश पारित करते हुए जयपुर के 9 प्रमुख होटल और रेस्टोरेंट्स के संचालन पर रोक लगा दी है। नगर निगम को आदेश की सख्त अनुपालना करने के निर्देश दिए गए हैं।

शालिनी श्रीवास्तव और कुलदीप गुप्ता द्वारा हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें अधिवक्ता विकास काबरा ने कोर्ट को बताया कि जयपुर शहर में बड़ी संख्या में बिना लाइसेंस के होटल और रेस्टोरेंट्स संचालित हो रहे हैं, जहां मिलावटी और निम्न गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं, जो जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हैं।

याचिकाकर्ताओं ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत नगर निगम ग्रेटर जयपुर से जानकारी मांगी थी, जिसमें निगम ने स्वीकार किया कि मालवीय नगर और पंचवटी सर्किल सहित कई क्षेत्रों में बिना लाइसेंस के होटल-रेस्टोरेंट्स संचालित हो रहे हैं और उन्हें लाइसेंस लेने के लिए नोटिस भी जारी किए गए थे। 9 अप्रैल को कोर्ट ने इन सभी होटल-रेस्टोरेंट्स और खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को प्रकरण में पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद संबंधित पक्ष राजस्थान नगर पालिका अधिनियम और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं कर पाए और ना ही कोर्ट में उपस्थित हुए। इस पर जस्टिस मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और आनंद शर्मा की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को स्थगन आदेश पारित करते हुए इन प्रतिष्ठानों के संचालन पर रोक लगा दी।



### सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर चलाए जा रहे रेस्टोरेंट्स

हाई कोर्ट ने इस संबंध में आदेश पारित करते हुए नगर निगम जयपुर को उक्त आदेश की अनुपालना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि ये रेस्टोरेंट्स-होटल्स, राजस्थान सरकार के शिक्षा और सहकारिता विभाग की स्वामित्व वाली भूमि पर अतिक्रमण कर संचालित हो रहे हैं। प्रशासन की मिलीभगत के कारण अब तक अतिक्रमियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इन अनधिकृत प्रतिष्ठानों के कारण क्षेत्र में ट्रैफिक जाम, बढ़ते अपराध और आमजन में भय का वातावरण उत्पन्न हो रहा है।

### इन होटल–रेस्टोरेंट्स के संचालन पर लगाई रोक

| | | | |
|---|---|---|---|
| अन्नू भाई एमबीबीएस | पंचवटी सर्किल | नंदलाल जी छोले वाले | पंचवटी सर्किल |
| सोयाचाप एक्सप्रेस | पंचवटी सर्किल | द हेंपल कैफे | राजापार्क |
| अमृतसरी छोले-कुलचे | राजापार्क | द लेमेन | आदिनाथ नगर |
| द मोमोज हब | राजापार्क | लापिनॉज पिज्जा | चंद्रकला कॉलोनी, मालवीय नगर |
| सरदार जी बारबेक्यू | पंचवटी सर्किल | जयपुर हेरिटेज | जेएलएन मार्ग |

**7 जिलों में हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट**

## गर्मी से हुआ हाल-बेहाल



जयपुर @ 43.5°
फोटो : पंकज शर्मा

**पारा 45 के पार**

| | |
|---|---|
| चितौड़गढ़ | 45.2° |
| कोटा | 45.1° |
| वनस्थली | 45.1° |
| पिलानी | 44.9° |
| बाड़मेर | 44.4° |

**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। राज्य के जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा संभाग के अधिकांश हिस्सों में पारा 42 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई इलाकों में हीट वेव और कुछ स्थानों पर तीव्र हीट वेव का प्रकोप देखने को मिला। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान श्रीगंगानगर और चूरू में दर्ज किया गया, जहां पारा 45.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। श्रीगंगानगर में तापमान सामान्य से 7.6 डिग्री और चूरू में 5.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। जयपुर और कोटा में इस बार अप्रैल महीने में पिछले छह वर्षों का सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। जयपुर में तापमान 43.5 डिग्री और कोटा में 45.1 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने 19 अप्रैल को प्रदेश के 7 जिलों में हीटवेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 20 अप्रैल से गर्मी और लू से कुछ राहत मिलने की संभावना जताई गई है।

**मर्डर केस में तिहाड़ जेल जा चुका था आरोपी**

## छेड़छाड़ के आरोपी युवक ने गला काटकर की खुदकुशी

**बेधड़क, जयपुर।** कालवाड़ रोड बाईपास के पास शुक्रवार सुबह गला कटने से एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक, श्रीराम नगर निवासी आनंद भारद्वाज को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने



बताया कि आनंद वहां काम कर रही एक सफाईकर्मी महिला से छेड़छाड़ कर रहा था। महिला के परिजनों ने उसे रोककर पूछताछ की, जिसके बाद कहासुनी हो गई। इसी दौरान युवक ने पेपर कटर से अपना गला रेत लिया। इसके बाद वह करीब 30 फीट दूर जाकर जमीन पर गिर गया और कुछ देर तक वहीं तड़पता रहा। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आनंद अलवर जिले के बानसूर का रहने वाला था। कुछ साल पहले वह अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता था, जहां एक हत्या के मामले में तिहाड़ जेल जा चुका था। जमानत मिलने के बाद वह परिवार सहित श्रीराम नगर में रह रहा था।

### MGGS पर जल्द निर्णय की मांग

**बेधड़क, जयपुर।** महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों को लेकर अभिभावक और शिक्षक असमंजस की स्थिति में हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा ने कहा कि कमेटी की बैठक हो चुकी है, लेकिन अब तक स्कूलों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

**'स्टेच्यू ऑफ ह्यूमैनिटी' नाम देने की मांग**

## सांगानेरी गेट पर भवानी सिंह की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव




**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर शहर के परकोटे में ऐतिहासिक महत्व रखने वाले सांगानेरी गेट क्षेत्र को एक नई पहचान मिलने जा रही है। संजय बाजार व्यापार मंडल ने यहां ब्रिगेडियर स्व. सवाई भवानी सिंह की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है, जिसे 'स्टेच्यू ऑफ ह्यूमैनिटी' नाम देने की मांग की गई है।

ब्रिगेडियर स्व.भवानी सिंह की पुण्यतिथि पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश कुमार लश्करी और महासचिव विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी पैलेस स्थित एडीसी कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि सांगानेरी गेट पर पश्चिममुखी हनुमानजी मंदिर के पास प्रतिमा स्थापित करने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। व्यापार मंडल ने प्रस्तावित प्रतिमा की ऊंचाई करीब 15 फीट तथा फाउंडेशन की ऊंचाई 6 फीट रखने का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि यह प्रतिमा सभी दिशाओं से स्पष्ट रूप से दिखाई देगी और संजय बाजार को एक ऐतिहासिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर में शामिल जयपुर शहर के परकोटे के बाजारों में स्थान की कमी है, किंतु सांगानेरी गेट के पास संजय बाजार में यह परियोजना आसानी से क्रियान्वित की जा सकती है। व्यापारियों का मानना है कि इससे न केवल क्षेत्र का सौंदर्यकरण होगा, बल्कि ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की विरासत को भी सम्मान मिलेगा।

व्यापार मंडल को उम्मीद है कि प्रशासन और शहरवासी इस प्रस्ताव को सकारात्मक रूप से लेंगे और सांगानेरी गेट को स्टेच्यू ऑफ ह्यूमैनिटी के रूप में एक नई पहचान दिलाने में सहयोग करेंगे।

**15 साल बाद सीकर रोड के व्यापारियों को मिलेगी मुक्ति**

# बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने की शुरुआत आज से

**अभिषेक श्रीवास्तव | बेधड़क**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में बने बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) कॉरिडोर को हटाने का काम शनिवार से शुरू किया जाएगा। इसकी शुरुआत सबसे पहले सीकर रोड से की जाएगी। इस कॉरिडोर के निर्माण में 170 करोड़ रुपए खर्च हुए थे, जबकि इसे हटाने में अब 30 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

यूपीए सरकार के समय जवाहरलाल नेहरू नेशनल अर्बन रिन्यूअल मिशन (JNNURM) के तहत सीकर रोड और न्यू सांगानेर रोड पर बीआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण किया गया था। इस योजना के तहत राजधानी में बीआरटीएस के लिए कुल 479.55 करोड़ रुपए



की राशि स्वीकृत की गई थी। इसी राशि से अजमेर रोड और टोंक रोड पर दुर्गापुरा में एलिवेटेड रोड का भी निर्माण कराया गया था।

वर्ष 2010 में सीकर रोड और वर्ष 2015 में अजमेर रोड पर बीआरटीएस कॉरिडोर पर बसों का संचालन शुरू किया गया था। हालांकि, प्रभावी मॉनिटरिंग की कमी के कारण इन कॉरिडोरों पर अन्य वाहन भी चलने लगे। स्थानीय जन संगठनों की ओर से लंबे समय से इस कॉरिडोर को हटाने की मांग की जा रही थी क्योंकि इससे स्थानीय व्यापार प्रभावित हो गया था और वाहनों के मिश्रित संचालन के कारण हर साल कई दुर्घटनाएं हो रही थीं।

### सीकर रोड से होगी शुरुआत

कॉरिडोर हटाने की शुरुआत सबसे पहले सीकर रोड से की जाएगी। न्यू सांगानेर रोड स्थित कॉरिडोर को हटाने के लिए निविदा जारी की जाएगी, जबकि अजमेर रोड के कॉरिडोर के लिए निविदा पहले ही जारी की जा चुकी है। सीकर रोड पर 7.1 किलोमीटर की लंबाई में एक्सप्रेस-वे से अंबाबाड़ी तक और 9 किलोमीटर लंबाई में अजमेर रोड से किसान धर्म कांटा होते हुए न्यू सांगानेर रोड बी-2 बायपास तिराहा तक कॉरिडोर बनाया गया था। इसके अलावा दो सौ फीट बायपास से लेकर अजमेर रोड एलिवेटेड तक दो किलोमीटर की लंबाई में भी यह कॉरिडोर था। जेडीए आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में जेडीए की कार्यकारी समिति की बैठक 7 जनवरी को हुई थी, जिसमें कॉरिडोर को हटाने या बनाए रखने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद इसे हटाने का निर्णय लिया गया, जिसे राज्य सरकार की मंजूरी के बाद अब लागू किया जा रहा है।

### क्या था बीआरटीएस का उद्देश्य

बीआरटीएस का उद्देश्य शहरी सार्वजनिक परिवहन की बसों के लिए एक अलग कॉरिडोर उपलब्ध कराना था ताकि यात्री अन्य वाहनों की तुलना में तेज गति से और कम समय में गंतव्य तक पहुंच सकें। इसके माध्यम से सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ कर सड़क यातायात का भार कम करना लक्ष्य था। हालांकि, जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड द्वारा इस कॉरिडोर पर पर्याप्त संख्या में बसें नहीं चलाई गईं। बीआरटीएस की व्यवस्था में यात्रियों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं, वे नहीं मिल पाईं। सड़क की जगह कम हो जाने और अन्य वाहनों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने के कारण इस सिस्टम की आलोचना होने लगी। मौजूदा सरकार ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संगठन (CRRI) से इस पर अध्ययन भी करवाया। CRRI की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि या तो मौजूदा कॉरिडोर को पूरी तरह हटा दिया जाए या इसे पूरी तरह से लागू किया जाए।

## जरूरी खबर

### बारहठ बने चारण गढ़वी फाउंडेशन के जोधपुर उपाध्यक्ष



**पाली।** खारिया सोढ़ा के सामाजिक कार्यकर्ता अमरसिंह बारहठ को चारण गढ़वी अंतरराष्ट्रीय फाउंडेशन ने जोधपुर रीजनल का वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनकी समाज सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए की गई है। फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि अमर सिंह ने युवा पीढ़ी में संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाने और चारण समाज की परंपराओं को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। अमर सिंह की नियुक्ति पर अनोपसिंह लखावत, महिपाल सिंह, प्रकाश सिंह लखावत, हिम्मत सिंह बारहठ, सुरेंद्र सिंह लखावत और चक्रवती सिंह बारहठ ने प्रसन्नता जताई।

### नीट में डमी बने दो मेडिकल छात्र निलंबित

**भरतपुर।** जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज के 2 छात्रों को डमी कैंडिडेट बनकर नीट परीक्षा देने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। अंडर ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड के डायरेक्टर सुखलाल मीणा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। दोनों छात्रों को पहले ही सीबीआई गिरफ्तार कर चुकी है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. तरुण कुमार ने बताया कि जोधपुर निवासी कुमार मंगल 2022 बैच का है और दौसा निवासी दीपेंद्र 2023 बैच का छात्र है। दोनों छात्र भरतपुर में किराए के मकान में रहते थे।

### यूथ कांग्रेस का चंबल नदी में जल सत्याग्रह



**कोटा।** नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ चंबल में उतरकर जल सत्याग्रह किया। यूथ कांग्रेस के वरिष्ठ सचिव यश गौतम की अगुवाई में कार्यकर्ता 2 घंटे तक पानी में रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश के लोगों का अन्य मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। यश गौतम ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं, जिस परिवार के सदस्यों ने देश के लिए अपनी कुर्बानी दी। केंद्र सरकार के इशारे पर राहुल गांधी,सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की गई है।

---

**जिनशासन तीर्थ का काम पूरा: इसे माना जा रहा विश्व का सबसे विशाल जैन तीर्थ क्षेत्र**

# पंचकल्याणक महोत्सव कल से... अस्थाई अयोध्या में होंगे अनुष्ठान

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित राजस्थान के कई मंत्री होंगे शामिल

बेधड़क | अजमेर

जैसवाल जैन समाज द्वारा निर्मित श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र अब तकरीबन बनकर तैयार हो चुका है। ये वर्तमान में विश्व का सबसे विशाल जैन तीर्थ क्षेत्र माना जा रहा है। यहां 20 से 25 अप्रैल तक पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस ऐतिहासिक पंचकल्याणक में जैनेश्वरी दीक्षाएं भी दी जाएंगी। महोत्सव के लिए मंदिर परिसर के समीप अयोध्या नगरी का अस्थाई निर्माण भी किया गया है, जहां इस धार्मिक आयोजन के सभी प्रमुख अनुष्ठान सम्पन्न होंगे। आचार्य वसुनंदी महाराज ने पत्रकार वार्ता में तीर्थ क्षेत्र से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने महोत्सव में आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजनों की जानकारी दी। यह आयोजन आत्मा की शुद्धि, धर्म के प्रचार व समाज में संयम व सदाचार की भावना को जागृत करने वाला होगा।



*भगवान शांतिनाथ की 54 फीट ऊंची प्रतिमा एवं इनसेट में आचार्य वसुनंदी महाराज।*

### महाराष्ट्र और गुजरात से आएंगी बैंड पार्टियां

आचार्य वसुनंदी महाराज ने बताया कि महोत्सव के दौरान कई प्रकार के जुलूसों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें सजे हुए हाथी, घोड़े, ऊंट, बग्घियां शामिल होंगी। इसके साथ ही महाराष्ट्र और गुजरात से आए ढोल-नगाड़े, बैंड-पार्टी आदि भी शोभायात्रा में भाग लेंगे।

### 'जैन नगर' नाम रखने की मांग

आचार्य वसुनंदी महाराज ने नाका मदार क्षेत्र का नाम परिवर्तित कर 'जैन नगर' रखने की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि जिस भूमि पर इतना विशाल जैन तीर्थ स्थापित हो चुका है, उसकी पहचान 'जैन नगर' के रूप में होनी चाहिए। यह मांग न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त करती है।

### ये होंगे खास मेहमान

इस विशेष महोत्सव में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, केंद्रीय राज्य कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, अजमेर दक्षिण की विधायक अनीता भदेल समेत अनेक जनप्रतिनिधि और उच्चाधिकारी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

### भगवान शांतिनाथ की 54 फीट ऊंची प्रतिमा

श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र में भगवान शांतिनाथ की 54 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा प्रतिष्ठापित की गई है। वहीं, पद्मासन मुद्रा में विराजित 24 तीर्थंकरों की सवा 11 फीट की मूर्तियां भी इस तीर्थ की शोभा बढ़ा रही हैं। यहां सिंहद्वार भी भव्य बना है। साथ ही, मंदिर परिसर में चांदी व अष्टधातु की अन्य मूर्तियां भी स्थापित हैं।

---

**कुंभलगढ़ और फलोदी में मूक जानवरों की ली जान**

# 7 बंदरों की निर्मम हत्या, कथोड़ी गैंग के 12 शिकारी गिरफ्तार

बेधड़क | उदयपुर/फलोदी

कुंभलगढ़ अभयारण्य क्षेत्र की सायरा रेंज में सात बंदरों का शिकार कर उनकी बेरहमी से हत्या करने के आरोप में पुलिस ने आदिवासी कथोड़ी गैंग के 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सायरा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई क्षेत्र के कड़ेच ग्राम पंचायत के रीछवाड़ा गांव में की है। आरोपियों ने बंदरों को न केवल मारा, बल्कि लोहे के हथियार से उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। पुलिस ने आरोपियों से मृतक बंदरों के मांस से भरी पोटलियां बरामद की है। सूचना मिलने पर सायला रेंज के फॉरेस्टर तुलसीराम मेघवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान आरोपियों ने वन विभाग की टीम को घेरकर हमला करने की कोशिश की। जैसे-तैसे वन अधिकारियों ने अपना बचाव किया। इसके बाद बोखाड़ा रेंज से क्षेत्रीय वन अधिकारी जयंतीलाल गरासिया, फॉरेस्टर नारायण सिंह राणावत, वनरक्षक वीरेंद्र सिंह शेखावत, अशोक गरासिया, ओमप्रकाश व नीरज मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से बंदरों का मांस व शिकार में प्रयुक्त हथियारों के साथ चार बाइक भी बरामद हुई। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर बोखाड़ा वन विभाग कार्यालय लाया गया। पूछताछ में उन्होंने बंदरों का शिकार करना कबूल कर लिया। इधर, फलोदी में अज्ञात वाहन ने भारतमाला एनएच पर नौ ऊंट-ऊंटनियों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसे लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और उन्होंने हाईवे काफी देर तक जाम कर दिया।

■ आरोपियों से बंदरों के मांस की पोटलियां और हथियार बरामद



*पुलिस गिरफ्त में बंदरों के हत्यारे व बरामद सामग्री।*

### बंदरों को तार में फंसाकर मारते थे शिकारी

वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी ओगणा थाना क्षेत्र के समीजा गांव के निवासी हैं। आरोपी बंदरों को लोहे के तार में फंसा कर मारते, फिर धारदार हथियार से उनके शवों के टुकड़े कर मांस पोटलियों में भर लेते थे। फिलहाल, वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

### जंगल में रहता था कथोड़ी समाज

जानकारी के अनुसार आदिवासी कथोड़ी समाज जंगलों में रहकर वन्यजीवों के शिकार से जीवनयापन करता था, लेकिन अब राज्य सरकार की ओर से उन्हें विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। बावजूद इसके वे इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

■ इधर, फलोदी में नौ ऊंट-ऊंटनियों को अज्ञात वाहन ने कुचला

### हाईवे पर मिले नौ ऊंटों के बिखरे शव, दो घायल



फलोदी जिले के भोजासर क्षेत्र के लक्ष्मण नगर में टोल प्लाजा के पास गुरुवार देर रात भारतमाला हाईवे पर जा रहे करीब एक दर्जन ऊंटों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इस हादसे में राज्य पशु 9 ऊंटों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो को जोधपुर रेफर किया गया है। हाईवे पर बिखरे ऊंटों के शव और खून देखकर शुक्रवार अल सुबह ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हाईवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक ऊंटनी के गर्भ से बच्चा बाहर आ गया। पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

#### ढाई घंटे तक हाईवे जाम

हाईवे पर प्रदर्शन करते ग्रामीणों और ऊंट पालकों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग रखी। सूचना पर सुबह पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों ने सुबह 7.20 से 9.50 बजे तक हाईवे जाम रखा। इसके बाद थानाधिकारी अशोक कुमार ने समझाइश कर सुबह 9:50 बजे जाम खुलवाया।

---

**चित्तौड़ दौरे पर रहे पंचायती राज मंत्री**

## गंदगी देख भड़के दिलावर तीन को किया निलंबित



*चित्तौड़गढ़ में जनसुनवाई करते पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर।*

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

प्रदेश के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ जिले के दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की और गंगरार पंचायत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मुख्य बाजार और गलियों में फैली गंदगी, जाम नालियों और सफाई व्यवस्था की बदहाली पर मंत्री ने नाराजगी जताई। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद दिलावर ने मौके पर ही पंचायत सरपंच रेखा देवी, सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह और प्रभारी हंसराज को निलंबित करने तथा सफाई की ठेकेदार फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। सफाईकर्मियों से बातचीत में वेतन में भारी कटौती और शोषण का मामला सामने आया, जिस पर मंत्री ने नियमानुसार भुगतान और ओवरटाइम की व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। दिलावर ने चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों की कार्यशैली नहीं सुधरी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोनियाना पंचायत के जिम्मेदारों पर भी इसी तरह की कार्रवाई कर उनका भुगतान रोका गया। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में खुली पंचायत में जनसुनवाई की और कई प्रकरणों में लोगों को हाथों-हाथ राहत प्रदान की। घुमंतू जातियों के परिवार के साथ संवाद कार्यक्रम एवं खुली पंचायत एवं जनसुनवाई के दौरान सांसद सीपी जोशी, कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ आदि उपस्थित रहे।

### सभी घुमंतू जाति को मिलेंगे पट्टे

जनसुनवाई में दिलावर ने कहा कि सभी घुमंतू जातियों के परिवारों को पट्टे दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि घुमंतू जातियों को जारी प्रमाण पत्र ही उनका पहचान पत्र है। इसलिए वे इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। इस पहचान पत्र के माध्यम से ही उन्हें पट्टा दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह जिन घुमंतू परिवारों को पट्टा मिल गया है उसकी निशुल्क रजिस्ट्री करवाएं।

---

**चित्तौड़गढ़ डीएसटी व बेगूं थाना पुलिस की कार्रवाई**

## 221 किलो अफीम डोडा चूरा सहित जीप जब्त

बेधड़क | जयपुर

चित्तौड़गढ़ डीएसटी व बेगूं थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी संयुक्त कार्रवाई करते हुए 11 कट्टों में भरा 221.670 किलो अवैध डोडा चूरा सहित थार जीप को जब्त किया है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिला डीएसटी टीम व थाना बेगूं की सादुलपुर में संयुक्त नाकाबंदी के दौरान काटून्दा की तरफ से एक ब्लैक रंग की थार जीप सादलपुर की तरफ आई। पुलिस जाब्ता ने रुकने का इशारा किया, तो थार जीप चालक गाड़ी भगाकर ले गया। पुलिस टीम ने पीछा कर स्टॉप स्टिक से थार जीप का टायर पंचर कर रोका, मगर गाड़ी में सवार दो व्यक्ति थार जीप की लाइट बंद कर अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी वहीं छोड़ कर भाग गए। टीम ने अवैध डोडा चूरा और थार को जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई में बेगूं थाने से एसएचओ शिवलाल, कांस्टेबल कमलेश, अरुण, मनोहर, जगदीप व हरमेन्द्र सिह एवं डीएसटी से प्रभारी एसआई मुन्शी मोहम्मद, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिह आदि शामिल थे।



*जब्त डोडा पोस्त व जीप।*

---

**फसल बीमा क्लेम की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर राष्ट्रीय मंच पर नवाजे गए**

## हनुमानगढ़ कलेक्टर काना राम को मिला सम्मान

लक्ष्मण राघव | बेधड़क

**हनुमानगढ़।** जिले के किसानों को अब फसल बीमा क्लेम के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस बदलाव के पीछे है जिला कलेक्टर काना राम का विजन और नेतृत्व, जिनके प्रयासों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल कटाई प्रयोगों (सीसीई) को तकनीकी और पारदर्शी बनाया गया। इन नवाचारों को न केवल राज्य, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित पीएमएफबीवाई के 12वें राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन में कलेक्टर काना राम को इस अभिनव कार्य के लिए सम्मानित किया गया। देशभर से केवल तीन जिलों का चयन इस नवाचार श्रेणी में हुआ, जिनमें कर्नाटक के दो जिलों के साथ राजस्थान से केवल हनुमानगढ़ शामिल रहा। वहीं, हनुमानगढ़ मॉडल को अब प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किया जा रहा है। यह न केवल किसानों के अधिकारों की रक्षा कर रहा है, बल्कि शासन की योजनाओं में तकनीकी हस्तक्षेप के सफल उदाहरण के रूप में सामने आया है। सम्मान मिलने पर कलेक्टर काना राम ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले की टीम और किसानों के सहयोग का परिणाम है। हमारा उद्देश्य था कि किसान को समय पर और पूरा हक मिले। तकनीक और पारदर्शिता के जरिए यह संभव हो पाया।



*सम्मानित होते हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर काना राम (दाएं)।*

---

**अजमेर के जेएलएन अस्पताल में नवीन मेडिसिन ब्लॉक का शुभारंभ**

# नए मेडिसिन ब्लॉक का लाभ मिलेगा पूरे संभाग को: देवनानी

बेधड़क | अजमेर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि जेएलएन अस्पताल संपूर्ण संभाग के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है। इसका लाभ अजमेर एवं नागौर के निवासियों को अधिक मिलता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अस्पताल के विकास के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान किया है। अब तक 2000 करोड़ से अधिक का बजट मिला है। सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के लिए प्रथम चरण में 65 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। देवनानी शुक्रवार को शहर के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय परिसर में नवीन मेडिसिन ब्लॉक के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। देवनानी के साथ ही चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, जल संसाधन राज्यमंत्री सुरेश रावत और केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से 37.8 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत मेडिसिन ब्लॉक का लोकार्पण किया। नवीन मेडिसिन ब्लॉक के G+6 मंजिला भवन में 258 सामान्य बेड तथा 40 सुपर स्पेशलिटी आईसीयू बेड क्षमता होगी।

देवनानी ने कहा कि बारिश के दौरान यहां पानी के भरने की समस्या के समाधान के लिए भी 50 करोड़ रुपए के कार्य करवाए जाएंगे। देवनानी ने हृदय रोग विभाग के लिए फैकल्टी की तत्काल आवश्यकता जताई।



*अजमेर। जेएलएन अस्पताल परिसर में बने मेडिसिन ब्लॉक का फीता खोलकर शुभारंभ करते देवनानी।*

### 26 हजार नियुक्तियां और होंगी: खींवसर

समारोह में चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने देवनानी की मांग पर कहा कि हृदय रोग विभाग के लिए योग्य फैकल्टी जल्द ही लगा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बीमार व्यक्ति के लिए चिकित्सक ईश्वर तुल्य होता है। राज्य सरकार द्वारा 23 हजार से अधिक भर्तियां की जा चुकी हैं। अगले माह विभाग में 26 हजार नियुक्तियां और आएंगी। इन भर्तियों में पदस्थापन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होने के कारण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पदस्थापन दिया गया है। सरकार मा वाउचर योजना का दायरा बढ़ाने पर विचार कर रही है।

### चिकित्सक पर ईश्वर के समान आस्था

केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि मरीज को चिकित्सक पर ईश्वर के समान आस्था रहती है। नए मेडिसिन ब्लॉक के बनने से पूरे संभाग के व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। समारोह को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि अजमेर में चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों एवं सहायक चिकित्सा कार्मिकों के पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि जयपुर सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में अधिशेष चिकित्सकों एवं कार्मिकों को अजमेर में पदस्थापन करने से यहां चिकित्सा सेवाएं बेहतर हो जाएंगी।

---

**देश में अमन-चैन व कामयाबी की मांगी दुआ**

## क्रिकेटर जहीर व आवेश खान ने की दरगाह में जियारत



बेधड़क | अजमेर

अजमेर शरीफ दरगाह में शुक्रवार को टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और युवा गेंदबाज आवेश खान जियारत के लिए पहुंचे। दोनों क्रिकेटरों ने दरगाह पर हाजिरी दी। दोनों के देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहीर और आवेश ने मजार शरीफ पर मखमली चादर पेश की और देश में अमन, शांति और क्रिकेट में कामयाबी की दुआ मांगी। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय गाइड और प्रोटोकॉल अधिकारी भी मौजूद रहे। उनकी जियारत के दौरान बड़ी संख्या में प्रशंसक भी पहुंच गए। लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाए और सेल्फी ली। देखने के लिए भीड़ में अफरा-तफरी का माहौल भी देखा गया। पुलिस प्रशासन ने पूरी व्यवस्था को संभालते हुए सुरक्षा का घेरा बनाए रखा।

## पिच पर पसीना, ड्रेसिंग रूम में रणनीति... दमदार होगा मुकाबला



राजस्थान रॉयल्स के कोच राहुल द्रविड़ टिप्स देते हुए।

**बेधड़क** | जयपुर

आईपीएल 2025 के 18वें सीजन में शनिवार को होने वाले मुकाबले से पहले सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स की टीमों ने शुक्रवार को जमकर अभ्यास किया। प्वाइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर काबिज लखनऊ की नजरें प्लेऑफ की ओर बढ़त पर हैं, जबकि आठवें स्थान पर मौजूद राजस्थान के लिए यह मुकाबला वापसी का मौका है। दोनों टीमों ने नेट्स पर बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग के सभी पहलुओं पर गहन अभ्यास किया। मैच से पहले खिलाड़ियों का जोश और रणनीति पर केंद्रित तैयारी देखने लायक रही।



अभ्यास करते लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाड़ी। -फोटो: पंकज शर्मा

# Events

## 'ओपन हाउस' में भावी छात्रों का स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) में 'ओपन हाउस' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भावी छात्रों और उनके परिजनों को जोड़ने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रोवोस्ट डॉ. नीतू भटनागर के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने एमयूजे की 13 वर्षों की प्रगति और छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। एडमिशन उप निदेशक गौरव यादव और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के डॉ. नरेश केडिया ने पाठ्यक्रमों, फीस, कैंपस जीवन और कॅरिअर अवसरों पर व्यावहारिक जानकारी दी। इसके बाद प्रतिभागियों को परिसर भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने अत्याधुनिक ब्लूमबर्ग लैब, विभागीय सुविधाएं और अनुसंधान प्रयोगशालाएं देखीं। इंटरेक्टिव सत्रों में छात्रों और अभिभावकों ने संकाय से सीधे संवाद कर शंकाएं दूर कीं। समापन पर एडमिशन निदेशक प्रो. प्रकाश रमानी ने सभी को धन्यवाद देते हुए एमयूजे की शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की सफलता के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

## डीपीटीएल में हुए रोमांचक मुकाबले



**बेधड़क. जयपुर।** जय क्लब में चल रही प्रियंका हॉस्पिटल डीपीटीएल सीजन 5 प्रतियोगिता में शुक्रवार को भी रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन व लीग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि मैचेज में टीम केसी मेमोरियल ने टीम प्रिसीजन को 3-2 से, टीम नारायणा हॉस्पिटल ने टीम केडिया हॉटस्पॉट को 3-2 से, रेटिना रेकेटर्स ने टीम फोर्टिस हॉस्पिटल को 3-2 से, टीम डॉ. चेफ ने टीम महात्मा गांधी हॉस्पिटल को 3-2 से, टीम ईगल ने टीम सैंडी स्ट्राइकर्स को 3-2 से, टीम थापर टाइटन्स ने टीम नी राइडर्स को 3-0 से व टीम आर जे 13 किंग्स ने टीम मलोत वॉरियर्स को 4-1 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सुधांशु ने बताया कि प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## विभिषेक सिंह को हुरुन इंडिया अवार्ड



**बेधड़क. जयपुर।** यूनीक बिल्डर्स के डायरेक्टर विभिषेक सिंह को इंडस्ट्री अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान गुरुवार को दिल्ली में आयोजित देश के प्रतिष्ठित हुरुन इंडिया रियल एस्टेट अवार्ड समारोह में प्रदान किया गया। बता दें कि हुरुन इंडिया एक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रिसर्च कंपनी है, जो विश्व स्तर पर व्यापार और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करती है। इस अवसर पर देश की कई प्रमुख रियल एस्टेट संस्थाएं मौजूद रहीं। सम्मान मिलने पर विभिषेक सिंह ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि यूनीक बिल्डर्स राजस्थान की रियल एस्टेट इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व ऐसे प्रतिष्ठित मंचों पर कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह यूनीक बिल्डर्स के सभी ग्राहकों और निवेशकों का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने पिछले 22 वर्षों से कंपनी पर विश्वास जताया है और हर कदम पर साथ निभाया है।

## एआई आधारित खेती पर चर्चा



**बेधड़क. जयपुर।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) के कृषि विभाग एवं जस्ट एग्रीकल्चर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'कृषि, बागवानी एवं वानिकी: मार्ग, रणनीतियां एवं दृष्टिकोण' का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति प्रो. (डॉ.) बलराज सिंह मुख्य अतिथि रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जगदीश राणे (आईसीएआर–सीआईएएच, बीकानेर) और डॉ. डी.पी.एस. बड़वाल (संस्थापक, जस्ट एग्रीकल्चर) उपस्थित रहे। सम्मेलन में देश–विदेश से 500 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। पहले दिन जलवायु–स्मार्ट कृषि, एआई आधारित खेती, नवाचार युक्त बागवानी प्रबंधन और स्वदेशी बीज संग्रह जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां दी गईं। कुलपति प्रो. एन.डी. माथुर ने उद्घाटन भाषण में इसे नीति निर्माण और ज्ञान-विनिमय का उपयोगी मंच बताया। सम्मेलन के सह-संयोजक डॉ. राजू जाखड़ ने बताया कि आगामी दो दिनों में शोधपत्र प्रस्तुतियां, कार्यशालाएं और केस स्टडी आधारित सत्र आयोजित किए जाएंगे। अंत में पर कुलसचिव डॉ. प्रवीण चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

### सामाजिक सौहार्द: राजधानी में एक ही दिन मनाया गया गुड फ्राइडे और प्रकाश पर्व

# गिरजाघरों में प्रभु यीशु की प्रार्थना और गुरुद्वारों में गूंजे सुखमनी साहिब के पाठ

***बेधड़क . जयपुर।** एक ही दिन, दो आस्थाएं और एक खूबसूरत संदेश, इसकी झलक शुक्रवार को देखने को मिली जब राजधानी में गुड फ्राइडे और प्रकाश पर्व एक ही दिन मनाए गए। इस दौरान जहां गिरजाघरों में प्रभु यीशु के बलिदान को याद कर श्रद्धालु मौन प्रार्थना में लीन थे, वहीं दूसरी ओर गुरुद्वारों में सेवा, समर्पण और सद्भाव की रौशनी बिखर रही थी। आस्था के इन दो रंगों ने शहर को सामाजिक सौहार्द, एकता और भाईचारे की मिसाल से रोशन कर दिया।*

## तेग बहादुर सिमरिये, घर नौ निधि आवे धाए

सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ गुरुद्वारों में मनाया गया। शहर के सभी गुरुद्वारों में सुखमनी साहिब के पाठ हुए और कीर्तन दरबार सजाकर अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। राजस्थान सिख समाज की यूथ विंग के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह शंटी ने बताया कि गुरुद्वारा राजा पार्क में दरबार साहिब अमृतसर से आए प्रसिद्ध रागी भाई जगतार सिंह के जत्थे ने 'तेग बहादुर सिमरिये, घर नौ निधि आवे धाए' जैसे गुरबाणी शब्दों का भावपूर्ण गायन किया। अमृत वेले से ही संगतों ने नितनेम और आसा दी वार के पाठ किए और गुरु तेग बहादुर की जीवन गाथा पर विचार साझा किए।



राजापार्क गुरुद्वारा।

हजूरी रागी भाई मस्तान सिंह ने 'गुरु तेग बहादुर हिन्द दी चादर' शबद का गायन किया। अंत में आनंद साहिब के पाठ और अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। गुरुद्वारा वैशाली नगर के प्रधान सरदार सर्वजीत सिंह मखीजा ने बताया कि शाम के दीवान में प्रकाश उत्सव मनाया गया। दीवान की शुरुआत रहरास साहिब के पाठ से हुई, इसके बाद हजूरी रागी भाई तेजबीर सिंह ने मधुर शबद-कीर्तन किया। उन्होंने 'तेग बहादुर सिमरिये घर नौ निधि आवे धाए, सब थाई होए सहाय' गाकर संगत को भाव-विभोर किया और इस शबद की व्याख्या करते हुए बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब का ध्यान करने से मनुष्य को भरोसा, लीनता, संतोष, बैराग, समर्पण, सहजता, और आनंद प्राप्त होते हैं।

## यीशु के अंतिम शब्दों का महत्व बताया



चांदपोल गेट स्थित सेंट एंड्रूज चर्च।



मसीही समाज ने शुक्रवार को प्रभु यीशु मसीह के बलिदान की स्मृति में श्रद्धा और संकल्प के साथ गुड फ्राइडे मनाया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की गईं, लेकिन चर्चों में कोई सजावट नहीं की गई। श्रद्धालुओं ने मौन प्रार्थना कर प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया। माना जाता है कि प्रभु यीशु ने मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। गुड फ्राइडे की आराधनाओं में यीशु मसीह के सात अंतिम वचनों का वाचन किया गया, जिनमें प्रेम, क्षमा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। फादर और पास्टर ने सरल शब्दों में इन वचनों की व्याख्या करते हुए जीवन में उनके महत्व को बताया। चांदपोल गेट स्थित सेंट एंड्रूज चर्च में प्रभु यीशु के क्रूस पर चढ़ाए जाने की घटना का नाटकीय रूपांतरण किया गया। इस अवसर पर पादरी अनिल कोटेट और भागलपुर से आए अभिषेक मुरार ने विशेष प्रार्थना का संचालन किया। घाटगेट, मालवीय नगर, विद्याधर नगर, अजमेर रोड समेत शहर के अनेक चर्चों में भी प्रार्थनाएं की गईं।

## SKIT में अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ



**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान (एसकेआईटी), जयपुर में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन नेक्स्ट जन कम्प्यूटिंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम्स (ICNCS-2025) का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। दो दिवसीय इस सम्मेलन का आयोजन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संयुक्त रूप से किया है। नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF) इसका प्रायोजक है, जबकि Springer CCIS प्रकाशन भागीदार है। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश के. विश्वकर्मा (DTU) ने एआई युग में ऐसी थीम की उपयोगिता बताई। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुनीत गोयल (IIT रोपड़) ने नेक्स्ट जेनरेशन कंप्यूटिंग के नवीनतम आयामों पर प्रकाश डाला। डॉ. सरफराज नवाज ने स्वागत भाषण दिया और डॉ. मेहुल महर्षि ने सम्मेलन की थीम प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज दाधीच, डॉ. मेघा गुप्ता एवं निधि श्रीवास्तव ने किया।

### आगाज | जगतपुरा तीरंदाजी रेंज पर शुरू हुई वुमन नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता

# 400 से अधिक महिला तीरंदाजों ने लक्ष्य पर साधा निशाना

**बेधड़क** | जयपुर

जगतपुरा तीरंदाजी रेंज पर एनटीपीसी खेलो इंडिया वूमेन नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 18 से 19 अप्रैल 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें 400 से अधिक महिला तीरंदाज भाग ले रही हैं। सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्गों में कंपाउंड और रिकर्व दोनों श्रेणियों में महिला खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन यानी 19 अप्रैल को मेडल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।



निशाना साधतीं खिलाड़ी।



देव नारायण गुर्जर, सुरेंद्र सिंह गुर्जर, दीपेंद्र सिंह खंगारोत, एकता अग्रवाल और परमेश्वरी चौधरी।

### 10 तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति

इस अवसर पर एयू बैंक की सीएसआर टीम के मैनेजर शुभम पारीक ने भी सहभागिता निभाई और आश्वासन दिया कि भविष्य में बैंकिंग सेक्टर की ओर से ऐसे आयोजनों को हर संभव सहयोग मिलेगा। सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता को तकनीकी रूप से सफल बनाने के लिए भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा 10 तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस मौके पर उदयपुर जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष ललित सिसोदिया, वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रेमचंद, धौलपुर के प्रभारी अनिल मिश्रा, आयोजन समिति से जुड़े प्रशिक्षक अनिल जोशी, जीएसटी फाउंडेशन के डायरेक्टर दिनेश कुमावत, बीकानेर प्रभारी भंवरलाल व्यास, करौली प्रभारी परमेश्वरी चौधरी, विक्रम रंगा एवं सुनील चौधरी सहित खेल क्षेत्र से जुड़े अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम

राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह खंगारोत ने बताया कि उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री एकता अग्रवाल थीं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जयपुर जैसे शहर में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल खेलों के विकास में सहायक हैं, बल्कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी एक बड़ा कदम हैं। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल देवनारायण गुर्जर ने की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए इस प्रकार के आयोजन उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और खेलों के माध्यम से कॅरिअर निर्माण का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि निवाई तहसीलदार नरेश गुर्जर ने कहा कि राजस्थान तीरंदाजी संघ द्वारा ऐसा आयोजन खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का सराहनीय प्रयास है।

## जनरल मुनीर का जहरीला भाषण

# ‘टू नेशन थ्योरी’ का अलापा राग



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार



“ जनरल मुनीर के इस भाषण को पाकिस्तान के घरेलू हालात से ध्यान बंटाने वाला भाषण कह कर खारिज नहीं किया जा सकता। इस भाषण के पीछे एक गहरी साजिश की बू आती है। उन्होंने भारत के खिलाफ यह जहर ऐसे समय उगला है, जब देश में संशोधित वक्फ कानून को लेकर मुस्लिम समुदाय का एक वर्ग आंदोलन की राह पर है और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के तार बांग्लादेश से आए घुसपैठियों से जुड़ते नजर आ रहे हैं। ”

एक पुरानी कहावत है, जो बोओगे, वही काटोगे। आज पाकिस्तान के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। भारत के खिलाफ आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति का हिस्सा बनाने वाला पाकिस्तान आज खुद आतंक के भस्मासुर से घिरा है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, सिंध और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आजादी के सुर तेजी से मुखर हो रहे हैं। बलूचों की आजादी की लड़ाई तेज हो रही है और हालात दिन-प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। पाकिस्तान का सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व बिगड़ते हालात पर फिलहाल काबू पाता नजर नहीं आ रहा है और उनकी यह हताशा गत बुधवार को उस समय सामने आ गई, जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने इस्लामाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रवासी पाकिस्तानियों को संबोधित किया। मुनीर ने भारत का प्रत्यक्ष रूप में नाम नहीं लिया लेकिन, उन्होंने अपने संबोधन में भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला। उन्होंने भारत को कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी। 1971 में दफन हो चुकी ‘टू नेशन थ्योरी’ के जिन्न को फिर से बाहर निकालने का प्रयास किया और हिंदुओं के खिलाफ उनकी नफरत खुलकर सामने आ गई।

जनरल मुनीर के इस भाषण को पाकिस्तान के घरेलू हालात से ध्यान बंटाने वाला भाषण कह कर खारिज नहीं किया जा सकता। इस भाषण के पीछे एक गहरी साजिश की बू आती है। उन्होंने भारत के खिलाफ यह जहर ऐसे समय उगला है, जब देश में संशोधित वक्फ कानून को लेकर मुस्लिम समुदाय का एक वर्ग आंदोलन की राह पर है और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के तार बांग्लादेश से आए घुसपैठियों से जुड़ते नजर आ रहे हैं।

ऐसे समय में जनरल मुनीर ने जिस तरह से ‘टू नेशन थ्योरी’ पर जोर देते हुए इस बात को रेखांकित किया कि हिंदू व मुसलमान दो कौम हैं और वे साथ-साथ नहीं रह सकतीं, भारत की साम्प्रदायिक सौहार्द व विविधता में एकता की भावना पर चोट पहुंचाने का स्पष्ट प्रयास है और वह चिंता बढ़ाने वाला है। मुनीर का विदेशों में बसे पाकिस्तानियों से यह कहना कि कहा कि हम जीवन के हर पहलू में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म, हमारे रीति-रिवाज, परंपराएं, विचार और महत्वाकांक्षाएं अलग हैं।

*क्या मुनीर कश्मीर को भारत से अलग करने के पाकिस्तान के प्रयासों के हश्र और पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ लड़े गए चार युद्धों के नतीजों को भी नहीं जानते हैं? वह अवश्य जानते हैं, लेकिन आज पाकिस्तान में चारों ओर आतंकी हिंसा और विद्रोह के प्रखर होते सुरों से वह अपनी जनता का ध्यान भटकाना चाहते हैं। हर पाकिस्तानी नेता और सैन्य नेतृत्व को कश्मीर पर भारत के खिलाफ जहर उगलना सबसे आसान रास्ता नजर आता है।*

वह अपने संबोधन में प्रवासी पाकिस्तानियों से यह कहने से भी नहीं चूके कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि वे उच्च विचारधारा और संस्कृति से संबंध रखते हैं। उन्हें अपने बच्चों को पाकिस्तान की कहानी जरूर बतानी चाहिए। मुनीर ने यह कहकर न केवल भारत में हिंदू-मुसलमानों के रिश्तों को चोट पहुंचाने की कोशिश की है, बल्कि दुनिया के हर कौने में बसे भारत-पाकिस्तान मूल के लाखों करोड़ों लोगों के बीच अलगाव के बीज बोने की कोशिश की है। जनरल मुनीर भारत पर उंगुली उठाने से पहले पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की हालात की ओर से देख लें। वहां हिंदू लड़कियों के अपहरण और धर्मांतरण की घटनाओं पर तो गौर कर लें। पाकिस्तान के किसी नेता या सैन्य प्रमुख का संबोधन हो और उसमें कश्मीर का जिक्र न हो यह तो हो ही नहीं सकता। मुनीर भी कश्मीर का जिक्र करने से नहीं चूके। उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस कहा, लेकिन उनको यह नजर नहीं आया कि कश्मीर का जो हिस्सा पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है, उसके लोग क्या चाहते हैं? वह देखें, आज वहां आजादी के नारे क्यों लग रहे हैं और लोग क्यों भारत की ओर उम्मीद भरी नजर से देख रहे हैं।

क्या मुनीर कश्मीर को भारत से अलग करने के पाकिस्तान के प्रयासों के हश्र और पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ लड़े गए चार युद्धों के नतीजों को भी नहीं जानते हैं? वह अवश्य जानते हैं, लेकिन आज पाकिस्तान में चारों ओर आतंकी हिंसा और विद्रोह के प्रखर होते सुरों से वह अपनी जनता का ध्यान भटकाना चाहते हैं। हर पाकिस्तानी नेता और सैन्य नेतृत्व को कश्मीर पर भारत के खिलाफ जहर उगलना सबसे आसान रास्ता नजर आता है।

लेकिन आज मुनीर कश्मीर के नाम पर जहर उगल कर अपने देश को कहां ले जाना चाहते हैं। वे पहले इन सवालों का हल खोजें कि पाकिस्तान में बलूच, सिंधी उपराष्ट्रीयता का भाव क्यों तेजी से उभर रह है? पाकिस्तानी सेना कब तक भारत का हौवा दिखाकर आजादी की मांग कर रहे इन लोगों का दमन करती रहेगी? आज जनरल मुनीर की पाकिस्तानी सेना बलूच विद्रोहियों के निशाने पर है और उसके इकबाल पर सवाल उठ रहे हैं। मुनीर के भाषण में उनकी हताशा साफ नजर आई। उन्होंने कहा, अगर 13 लाख की भारतीय सेना अपनी ताकत के साथ पाकिस्तानी सेना को डरा नहीं सकी तो क्या बलूच आतंकवादी पाकिस्तान सेना को हरा सकते हैं। वह बलूच विद्रोहियों से कहते हैं कि तुम्हारी अगली 10 नस्लें भी इसे नहीं ले जा पाएंगी। उनका यह सुर बलूचिस्तान में दमन का चक्र और तेज होने का भी संकेत है।

जनरल मुनीर का कश्मीर राग तो कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तानी सेना, वहां के राजनेता दशकों से आए दिन यह राग अलापते रहे हैं। लेकिन इस बार जनरल मुनीर ने टू नेशन थ्योरी का राग जिस तरह से अलापा है, उसके निहितार्थ कुछ और हैं। पिछले पांच छह महीनों में पंजाब में पुलिस चौकियों व थानों व अन्य स्थानों पर धमाकों की कुछ घटनाएं हुईं हैं और जम्मू-कश्मीर में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी बार-बार घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे हैं। पंजाब में धमाकों के तार आईएसआई से जुड़े होने की ओर पंजाब पुलिस कई बार इशारा कर चुकी है। साफ है पाकिस्तान पंजाब और जम्मू-कश्मीर दोनों जगह आतंकवाद को फिर हवा देने का प्रयास कर रहा है। वहीं, बांग्लादेश के साथ पाकिस्तान की बढ़ती नजदीकी भी इस क्षेत्र में भारत के खिलाफ बदलते रणनीतिक समीकरणों की ओर संकेत करती है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पाकिस्तान के साथ चीन के प्रति बढ़ता प्रेम भारत के खिलाफ एक खतरनाक युति का संकेत दे रहा है। अफगानिस्तान को अपना रणनीतिक ठिकाना बनाने में विफल रही पाकिस्तानी सेना बांग्लादेश के माध्यम से भारत के खिलाफ अपनी साजिशों को अंजाम देना चाहती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार बांग्लादेश और अफगानिस्तान के दौरे पर जाने वाले हैं। इशाक डार पहले काबुल जाएंगे और इसके बाद ढाका का दौरा करेंगे। भारत को अस्थिर करने के प्रयासों में जुटा पाकिस्तान बांग्लादेश में अपनी रणनीतिक पहुंच बढ़ाना चाहता है और डार की ढाका यात्रा इस्लामाबाद की इसी योजना का हिस्सा है। डार का यह दौरा दक्षिण एशियाई देशों भारत-पाकिस्तान व बांग्लादेश की राजनीति के हिसाब से बहुत ही महत्वपूर्ण है। डार करीब एक दशक में बांग्लादेश की यात्रा करने वाले पहले पाकिस्तानी विदेश मंत्री होंगे। डार के दौरे से पहले पाकिस्तान की विदेश सचिव अमना बलोच ने ढाका का दौरा किया है। बलोच का दौरा दोनों देशों के बीच 2012 से रुकी द्विपक्षीय राजनीतिक परामर्श का हिस्सा थी। बांग्लादेश की यात्रा से पहले डार 19 अप्रैल को अफगानिस्तान की यात्रा पर जाएंगे। अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के साथ ही पाकिस्तान व अफगानिस्तान के रिश्तों में खटास आनी शुरू हो गई थी और अब दोनों देशों के रिश्ते टकराव की ओर बढ़ रहे हैं। हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव बढ़ा है और अफगान शरणार्थियों का मुद्दा गरमाया हुआ है। डार की यात्रा इन सभी मसलों पर काबुल में तालिबानी नेतृत्व के साथ चर्चा कर माहौल को ठीक करने की कोशिश होगी। देखना है कि डार दोनों देशों के रिश्तों के बीच जमी बर्फ को पिघलाने में सफल होते हैं या नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# कारधूलि वेला में शादी की दुश्वारियां!



प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार

हम बचपन से सुनते आए हैं कि गायें जब जंगल में घास चरकर वापस अपने बाड़े (घर) में लौटतीं थीं, तब उनके पैरों की उड़ती धूल को गोधूलि वेला कहा गया। इस मुहूर्त में शादियां भी खूब होतीं हैं। लेकिन इन दिनों जंगलों की जगह कंकरीट के जंगल खड़े हैं। अब यहां गायों की जगह आदमी चरने और जुगाली करने के लिए घूमते रहते हैं। शादियां भी अब घर के आंगन से निकलकर मेरिज गार्डन्स के वैभव की चकाचौंध में हो रही हैं। वैसे भी गायें अब शहरों में बहुत ही कम दिखाई पड़तीं हैं। लेकिन, शहरों में बेधड़क घूमती कुछ बेसहारा बाखड़ी गायें अब राजनीतिक रूप से दुधारू मानी जा रहीं हैं। क्या घोड़ों के बाद गायों ने भी अपनी हैसियत समझना शुरू कर दिया है? गायों के विचरण क्षेत्र में कच्ची-पक्की सड़कों का जाल बिछ गया है। अब धूल और कचरे से पटी सड़कों से सूर्यास्त के समय कारों के टायर धूल उड़ाते हैं। गोधूलि वेला, कारधूलि वेला बन गई है। वैसे शादियों में अब मुहूर्त का कोई मतलब नहीं रह गया है। शादी अब शुभ कार्य से अधिक ईवेंट मैनेजमेंट का कार्य हो गई है। भावी दूल्हे-दुल्हन की हर गतिविधि पर अब ईवेंट की लक्ष्मण रेखा खींच दी गई है। जिससे बाहर निकलने के खतरे हैं। शादी अब पंडितजी नहीं ईवेंट मैनेजर और फोटोग्राफर मिलकर करवाते हैं। पंडितजी दूल्हा-दुल्हन के इंतजार में उनींदे मंडप में ही ऊंघते रहते हैं और लड़की के पिता मुख्य द्वार पर मेहमानों की अगवानी कर आशीर्वाद के लिफाफे लेने का ही काम करते नजर आते हैं। बाकी सब ईवेंट वाले कर रहे हैं। शादी के दिन भी पहले कुटुंबजन, दोस्त, पड़ोसी, ऑफिस के कारिंदे मंच पर किसी किले को फतह करने की मानिंद चढ़ाई कर घंटों फोटो एवं रील शूट करवाते हैं। उनसे फुरसत मिलने पर दूल्हा-दुल्हन को फुरकत के पलों में अलग से फोटो खिंचवाने के आदेश फोटोग्राफर देता है। उससे निपटते ही शादी में डांस करते-करते थके दोस्त लोग खाने के लिए जिद करते हैं। एक-दूजे के मुंह में प्यार से कवा देने की मुद्राओं में भी दो सौ-तीन सौ क्लिक फोटोग्राफर कर देता है। तब तक सांध्यवेला में शादी का मुहूर्त अधरतिया (अर्धरात्रि) मुहूर्त में तब्दील हो जाता है। यहां फूफा हल्लाबोल वाली मुद्रा में न आएं तो दूल्हा-दुल्हन शादी के मंडप में ही न पहुंचें। ऐसे में नौ बजे निर्धारित कन्यादान के समय में हुए विलंब से दूर-दराज से आए कुछ रिश्तेदारों की रात की ट्रेन छूट जाती है। उधर, जब रात फीकी पड़ने लगती है, तब तक सिर्फ भावी दूल्हा-दुल्हन के माता-पिता और कुछ मित्र ही शादी के मंडप में रह जाते हैं। जैसे ही पण्डितजी शादी के लिए, “मंगलम भगवान विष्णु”, का मंत्र उवाचते हैं, तभी फोटोग्राफर फिर टूट पड़ता है, “अहा! भगवान विष्णु और लक्ष्मी की जोड़ी लग रही है।” पंडित जी को रोककर फिर से धड़ाधड़ पांच-छह सौ क्लिक कर देता है। इस इंतजार में शेष लोग भी मंडप के पास बिछे आसनों या पास रखे सोफों में नींद लेने लगते हैं। ब्रह्म मुहूर्त में जब सूरज अपनी पहली किरण से धरती को रोशन करने की तैयारी कर रहा होता है, तब वर-वधू नींद में ही फेरे लेते हैं। रोका या सगाई के बाद देर रात तक फुनियाने-चैटीयाने के दौरान दोनों नींद में बातें करने, नींद में ही चलने का अभ्यास जो कर लेते हैं। अचानक पण्डितजी की तेज आवाज गूंजती है, “शादी सम्पन्न हुई, आज से आप एक-दूजे के सात जन्मों के साथी हो गए हैं।” इस आवाज को सुनकर लड़का-लड़की के माता-पिता और रिश्तेदारों की नींद खुलती है। दोनों ओर से समवेत स्वरों में पूछा जाता है, “क्या शादी हो गई?” उनींदे दूल्हा-दुल्हन आंखें मलते हुए कहते हैं, “पण्डितजी कह रहे हैं तो हो ही गई होगी!!”

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
धर्म एवं मानवता के रक्षक, सिख पंथ के नौवें गुरु, ‘हिन्द दी चादर’ गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के प्रकाश पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उनका त्यागमय और बलिदानी जीवन चिरकाल तक हमें मातृभूमि की सेवा हेतु प्रेरित करता रहेगा।



**गजेंद्र सिंह शेखावत,** भारत के संस्कृति मंत्री
@gssjodhpur
देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति में अपने अटूट देशभक्ति, वीरता त्याग और बलिदान की अद्वितीय शौर्य गाथा रचने वाले महान क्रांतिकारी तात्या टोपे जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।



**वासुदेव देवनानी,** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष
@VasudevDevnani
स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, अजमेर के मेडिसिन विभाग के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण आज सम्पन्न हुआ। अजमेर में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे अजमेर संभाग के लाखों मरीज और उनके परिवारजन लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री श्री भागीरथ जी चौधरी, प्रदेश सरकार में चिकित्सा मंत्री श्री गजेंद्र सिंह जी खींवसर, जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह जी रावत भी उपस्थित रहे।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सिख धर्म के नौवें गुरु ‘गुरु तेग़ बहादुर जी’ के प्रकाश पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

## नॉलेज कॉर्नर: भारत का लेजर हथियार

# रोशनी की रफ्तार से दुश्मन का सफाया

भारत रक्षा तकनीक में एक और क्रांतिकारी कदम उठाते हुए अब उन गिने-चुने देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास शक्तिशाली लेजर हथियार प्रणाली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने हाल ही में 30 किलोवॉट के लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (DEW) Mk-II (A) सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित नेशनल ओपन एयर रेंज में किया गया।

### कैसे काम करता है यह लेजर हथियार?

इस हथियार की सबसे खास बात है कि यह दुश्मन पर पारंपरिक हथियारों की बजाय ‘लाइट’ से हमला करता है। इसमें लगा इनबिल्ट इलेक्ट्रो-ऑप्टिक सिस्टम लक्ष्य की पहचान करता है और फिर DEW प्रणाली प्रकाश की गति से लेजर बीम छोड़कर लक्ष्य को काटती है। खास बात यह है कि यह तकनीक बिना आवाज, बिना धुएं और बेहद सटीक तरीके से ड्रोन, सेंसर और एंटेना जैसे लक्ष्यों को चंद सेकंड में तबाह कर देती है।



### कम लागत, ज्यादा ताकत

डीआरडीओ के अनुसार, यह सिस्टम बेहद कम लागत में ऑपरेट होता है। कुछ सेकंड की फायरिंग पर खर्च, केवल कुछ लीटर पेट्रोल की कीमत जितना होता है, जिससे यह भविष्य में कम लागत वाला सशक्त काउंटर-ड्रोन विकल्प बन सकता है।

### तकनीकी योगदान और सफलता

इस लेजर सिस्टम को डीआरडीओ के हाई एनर्जी सिस्टम्स सेंटर ने देश के अन्य शिक्षण संस्थानों और इंडस्ट्री पार्टनर्स के सहयोग से तैयार किया है। परीक्षण के दौरान इसने फिक्स्ड विंग ड्रोन और निगरानी सेंसर को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर नष्ट किया। यह प्रणाली ग्रुप में उड़ते ड्रोन को एक साथ खत्म करने की भी क्षमता रखती है।

**स्टार वार्स जैसी तैयारी**

*डीआरडीओ चेयरमैन समीर वी कामत के अनुसार, यह तो बस शुरुआत है। भारत भविष्य में ऐसे हथियार तैयार करेगा जो ‘स्टार वार्स’ जैसी पावर देंगे। यह लेजर हथियार न केवल सैन्य अभियानों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा, बल्कि भारत को वैश्विक रक्षा तकनीक में अग्रणी भी बनाएगा।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## कांग्रेस के उच्च-स्तरीय दल की उमर से मुलाकात



**जम्मू।** कांग्रेस के एक उच्च-स्तरीय दल ने राष्ट्रीय महासचिव सैयद नासिर हुसैन के नेतृत्व में शुक्रवार को यहां जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की और केंद्र शासित प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि हुसैन, पार्टी महासचिव जी. ए. मीर और जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने अब्दुल्ला से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ उनकी बैठक सार्थक रही। एक वरिष्ठ नेता ने कहा, चर्चा 'इंडिया' गठबंधन और जम्मू-कश्मीर के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर केंद्रित रही, जिसमें सहयोगपूर्ण प्रयासों और क्षेत्र में समकालीन चुनौतियों से निपटने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## रियल्टी कंपनी का प्रवर्तक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** घर खरीदारों का करीब 107 करोड़ रुपए का गबन करने से जुड़े धनशोधन के मामले में नोएडा से संचालित एक रियल एस्टेट कंपनी के मुख्य प्रवर्तक (प्रमोटर) को धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उन्नति समूह के अनिल मिठास को 16 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें 24 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

## नासिक में दरगाह गिराने के नोटिस पर अंतरिम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हजरत सातपीर सैयद बाबा दरगाह को ढहाने संबंधी नासिक नगर निकाय के नोटिस पर अंतरिम रोक लगा दी है और दरगाह की याचिका को सूचीबद्ध न करने पर बंबई हाई कोर्ट से रिपोर्ट मांगी है। न्यायालय में सुनवाई 16 अप्रैल को हुई। न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा और न्यायाधीश जॉयमाला बागची की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि याचिका सात अप्रैल को हाई कोर्ट के समक्ष दायर की गई थी, लेकिन उस पर सुनवाई नहीं हुई। अदालत ने बंबई हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को याचिका को सूचीबद्ध करने के बारे में एक रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। सूत्रों ने बताया कि न्यायालय की सुनवाई से कुछ घंटे पहले नगर निकाय के कर्मियों ने इस ढांचे को गिरा दिया था। नासिक के काठे गली में स्थित दरगाह के खिलाफ नगर निकाय की कार्रवाई कथित तौर पर 15 और 16 अप्रैल की मध्यरात्रि में की गई थी।

### मानेसर में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज की एसएमटी लाइन व मैकेनिकल इनोवेशन पार्क का उद्घाटन

# इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पांच गुना और निर्यात छह गुना बढ़ा

■ AI सर्वर आदिपोली का प्रदर्शन

गोपेन्द्र नाथ भट्ट | नई दिल्ली

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया को एक बहुत बड़ी सफलता मिली है। इन वर्षों में भारत में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पांच गुना बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है और इनका निर्यात 6 गुणा बढ़कर 3.25 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। पूरे क्षेत्र को मिलाकर 25 लाख नौकरियों का सृजन हुआ है।

वैष्णव ने शुक्रवार को नई दिल्ली के निकट मानेसर में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज की एसएमटी लाइन का *उद्घाटन* करते हुए यह बात कही। उन्होंने भारत में डिजाइन किए गए एआई सर्वर आदिपोली का प्रदर्शन किया, जिसे वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज, मानेसर ने विकसित किया है। आठ जीपीयू से लैस यह सर्वर भारत की उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स और एआई (AI) की ताकत को दर्शाता है। वैष्णव ने इसे मेक इन इंडिया पहल के लिए बड़ा कदम बताया और वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज की सराहना की। वैष्णव ने यह भी कहा कि भारत में बने इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद तेजी से विश्वसनीय और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन रहे हैं। साथ ही बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा पर भारत का ध्यान अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मान्यता प्राप्त कर रहा है, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ रहा है और देश में नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है।



*मानेसर में वीवीडीएन कैंपस में मैकेनिकल इनोवेशन पार्क के उद्घाटन के दौरान सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव।*

### डिजाइन में मजबूत क्षमताएं विकसित

वैष्णव ने कहा कि समय के साथ भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन में मजबूत क्षमताएं विकसित की हैं। इन क्षमताओं में अब ऑटोमोबाइल क्षेत्र, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, सिग्नलिंग और सुरक्षा प्रणालियों से संबंधित उत्पाद शामिल हैं। ऐसे उत्पादों का डिजाइन और निर्माण भारत में तेजी से हो रहा है, जो प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### भारत की आपूर्ति शृंखला होगी मजबूत

वैष्णव ने शुक्रवार को ग्लोबल इनोवेशन पार्क में एसएमटी लाइन के साथ-साथ मानेसर में मैकेनिकल इनोवेशन पार्क का उद्घाटन भी किया। यह उन्नत बुनियादी ढांचा वीवीडीएन को एआई सर्वर, नेटवर्किंग उपकरण और मदरबोर्ड जैसे बड़े और जटिल उत्पादों का विनिर्माण करने में सक्षम बनाएगा। इससे आयात निर्भरता कम करने और भारत की आपूर्ति शृंखला को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

### मुर्शिदाबाद में हिंसा: प्रभावित लोगों का हाल जानने की पहल

# नहीं टाला दौरा... हिंसा पीड़ितों से मिलने मालदा पहुंचे राज्यपाल

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस मुर्शिदाबाद में साम्प्रदायिक हिंसा भड़कने के कारण अपना घर-बार छोड़कर पलायन करने वाले पीड़ितों से मिलने के लिए शुक्रवार को पड़ोसी मालदा जिला पहुंचे। हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनसे अपना दौरा टालने का अनुरोध किया था। राज्यपाल के अलावा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग की टीमें भी हिंसा से प्रभावित लोगों से मिलने के लिए मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों के दौरे पर हैं। मालदा पहुंचने पर बोस ने कहा, मैं शिविरों में पीड़ितों की शिकायतें सुनूंगा, उनकी जरूरतें जानने की कोशिश करूंगा और उनका निवारण करने के लिए सक्रियता से कदम उठाऊंगा। वहीं, राजभवन सूत्रों ने संकेत दिया कि बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद का दौरा कर सकते हैं।

इससे पहले बोस ने मालदा के लिए ट्रेन में सवार होने के मौके पर कोलकाता में 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, मैं पीड़ितों से मिलूंगा, हिंसा प्रभावित क्षेत्र से प्राप्त रिपोर्ट की पुष्टि करूंगा, अस्पतालों, पीड़ितों के आवासों और राहत शिविरों का दौरा करूंगा। राज्य पुलिस और केंद्रीय बल साथ मिलकर काम कर रहे हैं तथा स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। दौरे के बाद, मैं अपनी सिफारिशें भेजूंगा। ज्ञात रहे कि मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर इलाकों में, वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ 11 और 12 अप्रैल को हुए प्रदर्शनों के दौरान भड़की हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी। जिले के कई निवासी और भी हिंसा होने की आशंका के चलते पड़ोसी मालदा जिला पलायन कर गए थे। दंगा करने और तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता को लेकर अब तक 274 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा प्रभावित इलाकों में अर्द्धसैनिक और पुलिस बल तैनात किए गए हैं।



*मालदा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस मुर्शिदाबाद में गत दिनों भड़की हिंसा के कारण पलायन करके आए लोगों से मिलने मालदा पहुंचे।*

### NHRC टीम ने किया राहत शिविर का दौरा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के एक दल ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा पहुंचकर मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से आए लोगों के एक अस्थायी शिविर का दौरा किया और प्रभावित परिवारों के सदस्यों से बात की। आयोग ने कहा कि उसने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक तथ्यान्वेषी दल भेजने का फैसला किया है और तीन सप्ताह में विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है।

### महिला आयोग की अध्यक्ष भी दौरे पर

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने भी महिलाओं पर हिंसा के प्रभाव का आकलन करने और पुनर्वास प्रयासों का निरीक्षण करने के लिए शुक्रवार को मालदा और मुर्शिदाबाद का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। टीम शनिवार को मुर्शिदाबाद जाएगी। इससे पहले रहाटकर ने कोलकाता में कहा, हमें सूचना मिली है कि प्रभावित इलाकों और राहत शिविरों में महिलाओं के साथ सही व्यवहार नहीं किया जा रहा है। हम पीड़ितों से बात करेंगे और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले स्थिति का आकलन करेंगे।

### अंतर-सरकारी वार्ता के सह-अध्यक्ष अलबनई ने कहा-

# सुरक्षा परिषद की स्थाई सीट का भारत प्रमुख दावेदार

एजेंसी | संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि और सुरक्षा परिषद में सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) के सह-अध्यक्ष तारिक अलबनई ने कहा है कि यदि सुरक्षा परिषद के विस्तार पर निर्णय लिया जाता है तो निश्चित रूप से भारत इसका एक प्रमुख दावेदार होगा।

तारिक अलबनई ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जाहिर है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अगर सुधार किया जाता है, तो उसका उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह सभी देशों का सही प्रतिनिधित्व करे। उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर एक अहम और बड़ा देश है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र में कुल 193 देश हैं। इसलिए सुधार करते समय यह देखा जाना चाहिए कि हर देश की आवाज सुनी जाए और सभी सदस्य देशों को प्रतिनिधित्व मिले, न कि सिर्फ कुछ बड़े और ताकतवर देशों को ही जगह दी जाए। संयुक्त राष्ट्र में अलबनई कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि हैं।

'पीटीआई-भाषा' के एक सवाल के जवाब में अलबनई ने कहा कि यदि यह निर्णय लिया जाता है कि परिषद के सदस्यों की संख्या 21 से बढ़ाकर 27 की जाएगी, तो निश्चित रूप से भारत इसमें प्रमुख दावेदार होगा। उन्होंने याद किया कि पिछले साल उन्होंने और ऑस्ट्रिया के सह-अध्यक्ष राजदूत अलेक्जेंडर मार्शिक ने भारत का दौरा किया था और वहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार के मुद्दे पर उच्चतम स्तर पर बातचीत की थी।



संयुक्त राष्ट्र महासभा के वर्तमान 79वें सत्र के दौरान आईजीएन प्रक्रिया में हुई प्रगति पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि सुधार का मार्ग निस्संदेह जटिल है, लेकिन हम आगे बढ़ने की दिशा में स्थिर और सार्थक कदम उठा रहे हैं।

### छत्रपति संभाजीनगर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण

# असली नायक महाराणा प्रताप व शिवाजी: सिंह

बेधड़क | छत्रपति संभाजीनगर/जयपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीय नायक हैं, न कि मुगल शासक औरंगजेब। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित समारोह में सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप साहस और देशभक्ति के प्रतीक थे। छत्रपति शिवाजी महाराज ने विशेष रूप से गुरिल्ला युद्ध रणनीति के लिए महाराणा प्रताप से प्रेरणा ली थी। उन्होंने दावा किया कि स्वतंत्रता के बाद वामपंथी झुकाव वाले इतिहासकारों ने महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज दोनों को उचित श्रेय नहीं दिया, बल्कि औरंगजेब का महिमामंडन किया। उन्होंने कहा कि जो लोग मानते हैं कि औरंगजेब एक नायक था, उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू की किताब पढ़नी चाहिए, जिन्होंने लिखा था कि मुगल बादशाह एक क्रूर, कट्टरपंथी शासक था। सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी और अकबर के प्रभुत्व को चुनौती दी। औरंगजेब का महिमामंडन करने वाले मुसलमानों का अपमान करते हैं।

### महाराणा प्रताप देश की आन-बान और शान के प्रतीक: बागडे



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लोकार्पण समारोह में भाग लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का बटन दबाकर अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने महाराणा प्रताप की वीरता और शौर्य की चर्चा करते हुए कहा कि देश के वह प्रथम स्वाधीनता सेनानी थे जिन्होंने मुगलों को भारत में टक्कर दी। महाराणा प्रताप देश की आन बान और शान के प्रतीक है। उनकी प्रतिमा हमें देश के स्वाभिमान और गौरव के लिए सदा प्रेरित करती रहेगी।

### INSV तारिणी ने पार किया 'केप ऑफ गुड होप'




*लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा।*

***नई दिल्ली।*** *भारतीय नौसेना का नौकायन पोत (आईएनएसवी) तारिणी लगातार बारिश, तेज हवाओं और बड़ी लहरों का सामना करने के बाद 'केप ऑफ गुड होप' को सफलतापूर्वक पार कर वतन लौट रहा है। यह जहाज मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन से औपचारिक तौर पर रवाना किया गया, ताकि वह अपनी यात्रा के अंतिम चरण में वापस गोवा पहुंच सके। लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा इस जहाज का संचालन कर रही हैं। यह जहाज हाल ही में 'केप टाउन' में रुका था। यह पहले से निर्धारित पड़ाव था। नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि चालक दल ने 17 अप्रैल को 'केप ऑफ गुड होप' को सफलतापूर्वक पार किया।*

### सीएम सिद्धारमैया को लिखा पत्र

# कर्नाटक में 'रोहित वेमुला एक्ट' करें लागू: राहुल

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर राज्य सरकार से रोहित वेमुला एक्ट नाम से एक कानून बनाने का आग्रह किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिक्षा प्रणाली में किसी को भी जाति आधारित भेदभाव का सामना न करना पड़े, जिसे बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर, रोहित वेमुला और करोड़ों लोगों ने झेला है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है।

ज्ञात रहे कि कांग्रेस ने वर्ष 2023 के अपने रायपुर महाधिवेशन में वादा किया था कि सत्ता में आने पर वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक वर्गों के छात्रों का सम्मान एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'रोहित वेमुला अधिनियम' नामक एक विशेष कानून पारित करेगी। हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे रोहित वेमुला ने जनवरी, 2016 में कथित रूप से जातिगत भेदभाव को लेकर आत्महत्या कर ली थी।



राहुल गांधी ने सिद्धरमैया को लिखा पत्र शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। पत्र पर 16 अप्रैल की तारीख है। उन्होंने कहा, हाल ही में संसद में मेरी मुलाकात दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से हुई थी। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें किस तरह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ता है।

### जातिगत भेदभाव पर लगे पूरी तरह से रोक

राहुल ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे वंचित भी सशक्त बन कर जातिभेद को तोड़ सकते हैं। लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी लाखों छात्र हमारी शिक्षा व्यवस्था में जातिगत भेदभाव का सामना कर रहे हैं। उनका कहना था कि इसी भेदभाव ने रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार छात्र-छात्राओं की जान ले ली। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी भयावह घटनाएं किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। अब इस अन्याय पर पूरी तरह से रोक लगाने का वक्त है।

### जातिगत सर्वेक्षण रिपोर्ट को लेकर कोई विरोध नहीं हुआ: सिद्धारमैया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को दावा किया कि गुरुवार शाम को मंत्रिमंडल की हुई विशेष बैठक में सामाजिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पर कोई विरोध नहीं हुआ। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट को 'जाति जनगणना' के नाम से जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि चर्चा के दौरान मंत्रियों के बीच कोई तीखी बहस नहीं हुई, जैसा कि मीडिया के एक वर्ग द्वारा खबर दी गई है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को चर्चा अधूरी रही और इसे दूसरे दिन के लिए टाल दिया गया। इस विषय पर मंत्रिमंडल की अगली बैठक में चर्चा की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग घोटाला

# CBI की पांच स्थानों पर छापेमारी, दस्तावेज बरामद

एजेंसी | रायपुर

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान राज्य लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं के संबंध में रायपुर और महासमुंद जिलों में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीबीआई ने रायपुर में तीन और महासमुंद में दो स्थानों पर पांच व्यक्तियों (बिचौलियों/सॉल्वर आदि) के परिसरों पर गुरुवार को तलाशी ली। इस दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस घोटाले से संबंधित मामले की जांच के दौरान इन व्यक्तियों की भूमिका सामने आई। पिछले वर्ष जुलाई में सीबीआई ने 2020-2022 परीक्षा के दौरान सीजीपीएससी के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक और अन्य वरिष्ठ सरकारी पदों के लिए चयन में पक्षपात के आरोप में छत्तीसगढ़ में दर्ज दो मामलों की जांच अपने हाथ में ली थी। एजेंसी ने अब तक मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने इस वर्ष 16 जनवरी को रायपुर की एक विशेष अदालत के समक्ष मामले में आरोप पत्र दायर किया था, जिसमें इन सभी सात लोगों को आरोपी बनाया गया है।





## आईपीएल: बारिश के कारण सवा दो घंटे की देरी से शुरू हुआ मुकाबला

# टिम डेविड का शानदार अर्धशतक, बेंगलुरु ने बनाए 95 रन

एजेंसी | बेंगलुरु

तेजी से रन बनाने के दबाव और पंजाब किंग्स की चतुर गेंदबाजी के सामने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम शुक्रवार को यहां बारिश से प्रभावित 14 ओवर में आईपीएल मैच में टिम डेविड के शानदार अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। 96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ ओवर तक पंजाब किंग्स ने 53 रन पर 4 विकेट गंवा दिए।

बारिश और बूंदाबांदी के कारण मैच सवा दो घंटे की देरी से रात 9:45 बजे शुरू हुआ और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले गेंदबाजी करने में संकोच नहीं किया। डेविड ने 26 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और तीन छक्के जड़ 50 रन बनाये। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड के साथ 14 गेंद में 32 रन की अटूट साझेदारी की। इसमें हेजलवुड का कोई योगदान नहीं था। डेविड ने आखिरी ओवर में हरप्रीत बरार के खिलाफ छक्के जड़ टीम के स्कोर को 90 रन के पार पहुंचाया।

डेविड के अलावा केवल कप्तान रजत पाटीदार (18 गेंद में 23 रन) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। इससे पहले बेंगलुरु की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए खराब शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (4) और विराट कोहली (1) सस्ते में आउट हो गए। लियाम लिविंगस्टन 6 गेंद में 4 रन ही बना सके। जितेश शर्मा 7 गेंद में दो रन बनाकर आउट हुए। क्रुणाल पांड्या सिर्फ एक रन पर आउट हुए। मनोज एक रन ही बना सके।



बारिश से बाधित मैच में मैदान का निरीक्षण करते अंपायर।

पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह, मार्को यानसेन, युजवेंद्र चहल और हरप्रीत बराड़ ने दो-दो जबकि जेवियर बार्टलेट ने एक विकेट लिया। चहल और यानसेन काफी किफायती रहे। उन्होंने तीन ओवर में के अपने-अपने कोटे में क्रमशः 11 और 10 रन ही दिए।

फिल सॉल्ट (04) ने पारी की पहली गेंद पर अर्शदीप का स्वागत चौके करने के बाद फिर से बडा शॉट खेलने के चक्कर में गेंद को हवा में लहरा बैठे और विकेटकीपर जोश इंग्लिस ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। कप्तान पाटीदार ने अर्शदीप के खिलाफ चौका और बार्टलेट के खिलाफ छक्का लगाकर अपने तेवर दिखाए। अर्शदीप ने इसके बाद दिग्गज विराट कोहली (एक) को जबकि बार्टलेट ने लियाम लिविंगस्टोन (चार) को चलता किया जिससे चार ओवर के पावरप्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 26 रन ही हो पाया।

पिछले मैच में चार विकेट लेकर लय में वापसी करने वाले चहल ने जितेश शर्मा (दो) और पाटीदार को आउट कर पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई।

# कठिन विकेटों के अनुकूल ढलना होगा : विटोरी

एजेंसी | मुंबई



अपने बल्लेबाजों से कठिन पिचों के अनुरूप शैली में बदलाव का आग्रह करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि हर पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार नहीं हो सकता और उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम पर सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया था। सनराइजर्स पांच विकेट पर 162 रन ही बना सके। मुंबई के ऑफ स्पिनर विल जैक्स ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। विटोरी ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि पिच पर किसी का नियंत्रण नहीं है तो यह तकदीर की भी बात है कि हमें ऐसे विकेट मिल रहे हैं जो हमें रास नहीं आ रहे। उन्होंने कहा , हमें हालात के अनुकूल ढलना ही होगा। हमें पता है कि चेन्नई में या अहमदाबाद में ऐसे हालात होंगे। हम हर जगह यह सोचकर नहीं जा सकते कि अनुकूल पिचें मिलेंगी। विटोरी ने कहा, मुंबई के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। यह कठिन पिच थी। मुंबई ने हालात को बखूबी समझा और उसका पूरा फायदा उठाया । उनके पास जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या जैसे शानदार गेंदबाज हैं।

### सीनेटर कैनेडी की हत्या से संबंधित रिकॉर्ड जारी



**वाशिंगटन**। सीनेटर रॉबर्ट एफ कैनेडी की 1968 में हुई हत्या से संबंधित लगभग 10,000 पृष्ठों का रिकॉर्ड शुक्रवार को जारी किया गया, जिससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के अनुसार राष्ट्रीय रहस्यों के खुलासे का सिलसिला जारी रहा। अमेरिकी राष्ट्रीय अभिलेखागार एवं अभिलेख प्रशासन ने अपनी सार्वजनिक वेबसाइट पर इन पृष्ठों से संबंधित लगभग 229 फाइलें पोस्ट की हैं। सीनेटर कैनेडी की हत्या से जुड़ी कई फाइल पहले ही जारी की गई थीं, लेकिन अन्य का डिजिटलीकरण नहीं किया गया था और संघीय सरकार द्वारा बनाए गए संग्रह प्रतिष्ठानों में दशकों तक रखा गया।

### रनवे पर दरार, दूसरे हवाई अड्डे पर भेजा गया विमान

**भुवनेश्वर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा सहित 178 यात्रियों को लेकर जा रहे विमान को रनवे पर दरार आने के चलते शुक्रवार को ओडिशा के झारसुगुडा हवाई अड्डे पर नहीं उतारा जा सका, जिसके बाद विमान को भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर भेज दिया गया। बाद में उड़ान शाम करीब 7.13 बजे मिश्रा समेत सभी यात्रियों के साथ झारसुगुडा हवाई अड्डे पर उतरी। अधिकारियों ने बताया कि मिश्रा शनिवार को आईआईएम संबलपुर के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए जा रहे थे और वह दिल्ली-झारसुगुडा उड़ान में सवार हुए थे। अपराह्न करीब 3.20 बजे पश्चिमी ओडिशा के इस शहर में पहुंचने का उनका कार्यक्रम था।

## 31 मार्च 2026 से पहले देश होगा नक्सलियों से मुक्त

# भूमिगत नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में हों शामिल: शाह

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी छिपे हुए नक्सलियों से यथाशीघ्र आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश को नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि कोबरा कमांडो और छत्तीसगढ़ पुलिस ने राज्य के बीजापुर जिले में संचालित विभिन्न अभियानों में आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री के साथ 22 कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अलग अलग पोस्ट में ये बातें कहीं।

उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि छिपे हुए नक्सलियों से मेरी अपील है कि मोदी सरकार की आत्मसमर्पण नीति को अपनाकर यथाशीघ्र हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि सुकमा में 22 नक्सलियों ने भी आत्मसमर्पण किया है। इसके अलावा सुकमा के बड़ेसेट्टी पंचायत में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिससे यह पंचायत पूरी तरह नक्सल-मुक्त हो गई है। आत्मसमर्पण करने वालों की कुल संख्या बढ़कर 33 हो गई है। उन्होंने कहा कि नक्सल मुक्त भारत अभियान की दिशा में इस सफलता के लिए मैं सुरक्षा बल के जवानों और छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देता हूं।



### नक्सली इलाकों में 400 चौकियां स्थापित

शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 400 से अधिक अग्रिम परिचालन चौकियां स्थापित की हैं और इसके कारण इन क्षेत्रों में हिंसा में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है तथा हम अब इसे समाप्त करने के करीब हैं।

### सीएपीएफ और सीआरपीएफ को सराहा

शाह ने कहा कि नक्सलवाद भारत के सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। सीएपीएफ और सीआरपीएफ, विशेषकर इसकी कोबरा बटालियन देश से नक्सलवाद को खत्म करने में प्रमुख भूमिका निभा रही है। कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) सीआरपीएफ की एक विशेष इकाई है, जो गुरिल्ला और जंगल युद्ध, विशेष रूप से नक्सली खतरे से निपटने में, अपनी दक्षता के लिए जानी जाती है।

## वित्त मंत्रालय ने किया स्पष्ट

# दो हजार से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर नहीं लगेगा जीएसटी



एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने पर विचार नहीं कर रही है। सरकार के 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने पर विचार करने की खबरों पर सफाई देते हुए वित्त मंत्रालय ने कहा कि ये पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि फिलहाल सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। जीएसटी मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जैसे कुछ खास शुल्कों पर लगाया जाता है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जनवरी 2020 से ग्राहक से व्यापारी के बीच यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर हटा दिया है। मंत्रालय ने कहा कि चूंकि इस समय यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर नहीं लगाया जाता है, इसलिए इन लेनदेन पर कोई जीएसटी लागू नहीं है। यूपीआई लेनदेन में तेजी से वृद्धि देखी गई है, जो वित्त वर्ष 2019-20 में 21.3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च 2025 तक 260.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि सरकार यूपीआई के जरिए डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### उपग्रह आधारित टोल प्रणाली पर अभी फैसला नहीं

**नई दिल्ली**। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि एक मई से देश भर में उपग्रह आधारित टोल प्रणाली लागू करने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

मंत्रालय ने मीडिया में आई उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि एक मई 2025 से उपग्रह आधारित टोल प्रणाली शुरू की जाएगी और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल संग्रह प्रणाली की जगह लेगी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि टोल प्लाजा के माध्यम से वाहनों की निर्बाध आवाजाही और यात्रा के समय को कम करने के लिए चयनित टोल प्लाजा पर 'स्वचालित नंबर प्लेट पहचान-फास्टैग-आधारित बाधा रहित टोलिंग प्रणाली' तैनात की जाएगी।

इस टोल प्रणाली में एएनपीआर प्रौद्योगिकी तथा मौजूदा 'फास्टैग प्रणाली' जो टोल कटौती के लिए रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन का उपयोग करती है, का संयोजन किया जाएगा। एएनपीआर वाहनों की नंबर प्लेट पढ़कर उनकी पहचान करेगी।

## भाजपा और विपक्षी दल आमने-सामने

# BJP ने किया धनखड़ का समर्थन

एजेंसी | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के एक बयान को लेकर सियासी तकरार जारी है। भाजपा ने धनखड़ का समर्थन करते हुए विपक्ष पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि मुझे उस पार्टी से संवैधानिक मर्यादा सीखने की जरूरत नहीं है जो कहती है कि वह संसद द्वारा पारित कानून को लागू नहीं करेगी, उपराष्ट्रपति के पद का मजाक उड़ाती है, वोट बैंक की राजनीति के नाम पर दंगाइयों को बचाती है और बंगाल में हिंदू पीड़ितों से मिलने के लिए उसके पास समय नहीं है। दूसरी ओर राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने धनखड़ की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह असंवैधानिक है और राज्यसभा के किसी सभापति को कभी भी इस तरह का राजनीतिक बयान देते नहीं देखा गया था। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति के बयान को बेहद आपत्तिजनक करार दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हमारे लोकतंत्र में सबसे ऊपर अगर कोई चीज है तो वो है भारत का संविधान। न राष्ट्रपति, न प्रधानमंत्री और न ही राज्यपाल, कोई भी व्यक्ति संवैधानिक मर्यादा से ऊपर नहीं हो सकता।



## सुरक्षा हितों को लेकर भारत ने जताई थी चिंता

# पाकिस्तान-श्रीलंका की नौसेना का अभ्यास स्थगित

एजेंसी | नई दिल्ली

त्रिंकोमाली के रणनीतिक जलक्षेत्र में पाकिस्तान और श्रीलंका की नौसेनाओं के बीच सैन्य अभ्यास की योजना स्थगित कर दी गई, क्योंकि नई दिल्ली ने प्रस्तावित अभ्यास पर कोलंबो के समक्ष चिंता जताई थी। त्रिंकोमाली श्रीलंका के उत्तरपूर्वी तट पर स्थित है और इसे हिंद महासागर क्षेत्र में, विशेष रूप से भारत के समुद्री सुरक्षा हितों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत त्रिंकोमाली के बुनियादी ऊर्जा ढांचे के विकास में श्रीलंका को सहायता देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत विशेष रूप से त्रिंकोमाली में तेल टैंक फार्म को उन्नत करने पर विचार कर रहा है, जो दुनिया के सबसे बेहतरीन प्राकृतिक बंदरगाहों में से एक है।



सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि श्रीलंका व पाकिस्तान की नौसेनाओं ने अपने नियमित अभ्यास के अनुरूप त्रिंकोमाली के तट पर अभ्यास करने की योजना बनाई थी। भारत द्वारा श्रीलंकाई पक्ष को अभ्यास पर अपनी आशंकाओं से अवगत कराए जाने के बाद यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

### इसलिए चिंतित था भारत

सैन्य विशेषज्ञों ने भारत के लिए त्रिंकोमाली के सामरिक महत्व को समझाते हुए कहा कि इसमें बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर हिंद महासागर के अधिकांश भाग पर प्रभुत्व स्थापित करने की क्षमता है तथा प्रस्तावित अभ्यास पर चिंता जताकर नई दिल्ली ने सही किया। इस संबंध में एक विशेषज्ञ ने कहा कि पाक नौसेना चीनी नौसेना के साथ घनिष्ठ सहयोग में काम करती है और त्रिंकोमाली में पाक युद्धपोतों के किसी भी दौरे को लेकर नई दिल्ली के पास चिंता के कारण हैं।

### भारत ने पहले भी जताई थी आपत्ति

अगस्त 2022 में हंबनटोटा बंदरगाह पर चीनी मिसाइल एवं उपग्रह निगरानी पोत 'युआन वांग' के रुकने से भारत और श्रीलंका के बीच कूटनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया था। अगस्त 2023 में कोलंबो बंदरगाह पर एक अन्य चीनी युद्धपोत के आने पर भी नई दिल्ली ने आपत्ति जताई थी।

## केंद्र में शीर्ष स्तर पर नौकरशाही में हुआ फेरबदल

# अरविंद श्रीवास्तव राजस्व सचिव, समीर सिन्हा होंगे नागरिक उड्डयन प्रमुख

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को शीर्ष स्तर पर किए गए फेरबदल के तहत वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों अरविंद श्रीवास्तव और समीर कुमार सिन्हा को क्रमशः राजस्व और नागरिक उड्डयन सचिव नियुक्त किया गया है।

वर्ष 1994 बैच के कर्नाटक कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्रीवास्तव वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने श्रीवास्तव की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सिन्हा को वुमलुनमंग वुअलनम के स्थान पर उड्डयन सचिव नियुक्त किया गया है। वुअलनम को व्यय विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।

वह मनोज गोविल का स्थान लेंगे, जिन्हें कैबिनेट सचिवालय में सचिव (समन्वय) नियुक्त किया गया है। गोविल ने वंदना गुरनानी का स्थान लिया है, जिन्हें श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है।



अरविंद श्रीवास्तव



समीर कुमार सिन्हा

### सचिव स्तर के 18 अधिकारी बदले

मध्य प्रदेश कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल को संस्कृति मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। अग्रवाल वर्तमान में राजस्व विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। वे वित्तीय खुफिया इकाई-भारत के निदेशक का कार्यभार भी संभाल रहे हैं। इस सचिव स्तर के फेरबदल के तहत प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यरत दो अधिकारियों समेत अठारह आईएएस अधिकारियों को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश कैडर के 1994 बैच के एक अन्य आईएएस अधिकारी हरि रंजन राव को खेल सचिव नियुक्त किया गया है। राव वर्तमान में पीएमओ में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अनुराधा ठाकुर को आर्थिक मामलों के विभाग में ओएसडी नियुक्त किया गया है। वह 30 जून को अजय सेठ की सेवानिवृत्ति के बाद विभाग में सचिव का पदभार संभालेंगी।

### राजेश अग्रवाल वाणिज्य विभाग में होंगे सचिव

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल को वाणिज्य मंत्रालय में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। अग्रवाल 30 सितंबर को सुनील बर्थवाल की सेवानिवृत्ति के बाद अग्रवाल वाणिज्य विभाग के सचिव का पदभार संभालेंगे। गृह मंत्रालय के अंतर्गत अंतर-राज्यीय परिषद सचिवालय के सचिव के मोसेस चालई को सार्वजनिक उद्यम विभाग का सचिव बनाया जाएगा। युवा मामलों की सचिव मीता आर लोचन अब भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन के साथ सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग में सचिव होंगी।

### इन विभागों में भी हुआ बदलाव

राज्यसभा सचिवालय के सचिव राजित पुन्हानी को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय का सचिव नियुक्त किया गया है। वह अतुल कुमार तिवारी के 30 जून को सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद संभालेंगे। निकुंज बिहारी धल, जो वर्तमान में अपने कैडर राज्य ओडिशा में कार्यरत हैं, को संसदीय कार्य मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। धल 30 जून को उमंग नरूला के सेवानिवृत्त होने के बाद नई जिम्मेदारी संभालेंगे। जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग में अतिरिक्त सचिव राकेश कुमार वर्मा अब भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन के साथ भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान के महानिदेशक होंगे। विदेश व्यापार महानिदेशालय के महानिदेशक संतोष कुमार सारंगी को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में हाइड्रोकार्बन महानिदेशक पल्लवी जैन गोविल को युवा मामले विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है। नीति आयोग की अतिरिक्त सचिव निधि छिब्बर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में ओएसडी होंगी।

# द सॉन्ग ऑफ लाइट: बड़ों के लिए स्मृतियों की यात्रा तो युवाओं के लिए सीखने की क्लास



सुधीर कासलीवाल और हरिशंकर बालोठिया दुर्लभ सिबाक्रोम प्रिंट्स के साथ। स्क्रीन पर दिखाई दे रही हैं पेरिस प्रदर्शनी का उद्घाटन करतीं महारानी गायत्री देवी।





**बेधड़क.जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सुधीर कासलीवाल की फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'द सॉन्ग ऑफ लाइटः एन एनालॉग ओडिसी थ्रू राजस्थान' के दूसरे दिन कला और फोटोग्राफी जगत की जानी-मानी हस्तियों का जमावड़ा देखने को मिला। वीरेन बन्नू, हरीशंकर बालोथिया सहित कई कलाकारों और फोटोग्राफर्स ने इस एनालॉग यात्रा को सराहा। प्रदर्शनी में एनालॉग फोटोग्राफी की प्रासंगिकता और इसके संरक्षण पर गंभीर चर्चा हुई। दुर्लभ सिबाक्रोम प्रिंट्स ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया, जिन्हें अब पर्यावरणीय कारणों से बनाया नहीं जाता। वरिष्ठ दर्शकों के लिए यह जहां स्मृतियों की यात्रा थी, वहीं युवाओं के लिए यह सीखने की क्लास रही। डिजिटल युग में यह प्रदर्शनी देखने की एक विलुप्त होती शैली को फिर से जीवंत करती है।

## Events

### कर्नल लांबा ने पूरी की 'ट्रायथलॉन'



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय सेना के चौथी पीढ़ी के अधिकारी और आयरनमैन ट्रायथलीट कर्नल जंगवीर लांबा ने 13 अप्रैल को ताइवान के पेन्घु में आयोजित आयरनमैन 140.6 ट्रायथलॉन सफलतापूर्वक पूरा किया। 53 वर्षीय लांबा ने 50-54 आयु वर्ग में 14 घंटे 53 मिनट 34 सेकंड में 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइक्लिंग और 42.2 किमी दौड़ पूरी कर अपनी अटूट इच्छाशक्ति और साहस का परिचय दिया। वे पहले भी गोवा, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया में आयरनमैन स्पर्धाएं पूरी कर चुके हैं। अप्रैल 2024 में उन्होंने मोरक्को की 253.5 किमी लंबी मैराथन डेस सैबल्स भी पूर्ण की, जिसे पृथ्वी की सबसे कठिन दौड़ों में गिना जाता है। कर्नल लांबा की उपलब्धियां साबित करती हैं कि उम्र नहीं, जज्बा मायने रखता है।

### चैलेंजर्स मीट के विजेताओं को पदक




**बेधड़क. जयपुर।** सीडलिंग पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित चैलेंजर्स मीट 2025 का समापन जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स ग्राउंड में हुआ। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव में स्केटिंग, कराटे, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसी प्रतियोगिताओं में 200 से अधिक टीमों के 2500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सीडलिंग ग्रुप के सीईओ डॉ. संदीप बक्शी ने खेल भावना से खेलने का संदेश देते हुए प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और खेल कोटे के तहत स्कॉलरशिप देने की घोषणा भी की। समारोह में जयपुर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन उल्लास और प्रेरणा के माहौल में हुआ।


### 25 छात्रों को मिलेगा एम्मार ग्रुप में मौका




**बेधड़क. जयपुर।** नीमराणा स्थित रैफल्स यूनिवर्सिटी के टॉप 20 छात्रों और अलब्बार स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के 5 चयनित छात्रों को हर साल दुबई सहित एशिया और यूरोप में एम्मार ग्रुप में कार्य करने का अवसर दिया जाएगा। यह घोषणा एम्मार दुबई के संस्थापक मोहम्मद अलब्बार ने विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में की। इस मौके पर उन्हें डॉक्टरेट डिग्री (ऑनोरिस कॉसा) से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने भारतीय प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुनिया में हायरिंग के लिए भारतीय सबसे उपयुक्त हैं। उन्होंने छात्रों को नवाचार, सकारात्मक सोच और निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में एम्मार दुबई के एमडी अल मातरियोशी भी मौजूद रहे।

## क्रेडाई रियल एस्टेट एक्सपो 2025 में दिखी रियल एस्टेट की नई तस्वीर

# बेहतरीन विकल्पों ने पूरा किया अपना घर बनाने और भविष्य के निवेश का सपना



रवींद्र प्रताप सिंह, महापौर कुसुम यादव, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल गुप्ता, हरिन्द्र मदान और गिरिराज अग्रवाल।

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के सबसे बड़े रियल एस्टेट आयोजन क्रेडाई रियल एस्टेट एक्सपो 2025 के दूसरे दिन भी निवेशकों और घर खरीदने के इच्छुक लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। वर्धमान ग्रुप, पंजाब नेशनल बैंक, भव्या ग्रीन, त्रिमूर्ति कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स और ईसीई एलिवेटर्स (बिरला ग्रुप) के सहयोग से आयोजित इस एक्सपो में हजारों आगंतुकों और दर्जनों एग्जीबिटर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक कालीचरण सराफ, जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर और जयपुर हेरिटेज की मेयर कुसुम यादव शामिल रहीं। कार्यक्रम में क्रेडाई राजस्थान के चेयरमैन गोपाल गुप्ता, प्रेसिडेंट संजय गुप्ता, महासचिव रविन्द्र प्रताप सिंह, कनविनर गिर्राज अग्रवाल, को-कनविनर कृष्णा गुप्ता व अमित विजयवर्गीय आदि उपस्थित रहे।



दीप प्रज्वलन करते उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक कालीचरण सराफ, महापौर कुसुम यादव, रवींद्र प्रताप सिंह, गोपाल गुप्ता और गिरिराज अग्रवाल।

### रियल एस्टेट सेक्टर को सशक्त बनाने को प्रतिबद्ध है राजस्थान सरकार

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान सरकार रियल एस्टेट सेक्टर को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजनों से न सिर्फ उपभोक्ताओं को घर खरीदने के बेहतरीन विकल्प मिलते हैं, बल्कि रियल एस्टेट क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलता है। विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि जयपुर ही नहीं, पूरे प्रदेश में रियल एस्टेट सेक्टर में जो विकास हो रहा है, वह युवाओं और निवेशकों के लिए नए अवसर लेकर आया है।

### सपनों का घर दिलाने का माध्यम बना एक्सपो

क्रेडाई राजस्थान के प्रेसिडेंट संजय गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ प्रॉपर्टी बेचने का नहीं, बल्कि लोगों को उनके सपनों का घर दिलाने का है। एक्सपो में ग्राहकों को भरोसेमंद डेवेलपर्स, विविध विकल्प और पारदर्शी डील्स मिल रही हैं। हमें गर्व है कि यह मंच प्रदेश में रियल एस्टेट सेक्टर को नई दिशा दे रहा है।

### मनोरंजन और स्वाद के साथ खरीदारी का अनुभव

विजिटर्स के लिए म्यूजिक, लाइव एंटरटेनमेंट और फूड स्टॉल्स की भी व्यवस्था की गई है, जो पूरे एक्सपो को एक आनंददायक अनुभव बना रहे हैं। यह एक्सपो 20 अप्रैल 2025 तक आमजन के लिए खुला रहेगा।

**400 से अधिक प्रॉपर्टी मॉडल्स प्रदर्शित**

50 से अधिक स्टॉल्स पर 400 प्लस प्रॉपर्टी मॉडल्स प्रदर्शित किए गए, जिनमें फ्लैट्स, विला, फार्म हाउस, दुकानें और प्लॉट्स शामिल हैं। वन बीएचके से लेकर फोर बीएचके तक में हर बजट और वर्ग के लिए विकल्प उपलब्ध हैं। ऑन द स्पॉट बुकिंग पर आकर्षक ऑफर्स और छूट, साथ ही ऑन साइट विजिट की सुविधा भी दी जा रही है।

**प्रवासी राजस्थानी संवाद** | राजस्थान सरकार की प्रवासियों के लिए चलाई योजनाओं की दी जानकारी

# 'अपनी माटी' के विकास के लिए योगदान देने का संकल्प

**बेधड़क | जयपुर**

राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में प्रवासी राजस्थानियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार एवं मुख्यमंत्री द्वारा देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों से संपर्क व सहयोग को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी दिशा में 17 अप्रैल को मध्यप्रदेश के देवास में राजस्थान फाउंडेशन एवं लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में प्रवासी राजस्थानी संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंदौर, देवास एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ अपनी जड़ों से जुड़ाव को दोहराया, बल्कि राज्य के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में योगदान देने के लिए सक्रिय भागीदारी का संकल्प भी लिया। राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने प्रवासी राजस्थानी समुदाय को संबोधित करते हुए फाउंडेशन की गतिविधियों एवं राजस्थान सरकार द्वारा प्रवासी समुदाय के हित में चलाई जा रही योजनाओं और पहलों की जानकारी दी।



### समर्पित विभाग की स्थापना की जाएगी

डॉ. मनीषा अरोड़ा ने बताया कि प्रवासी राजस्थानियों की भागीदारी को सशक्त बनाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार एक समर्पित विभाग की स्थापना की दिशा में कार्य कर रही है। साथ ही, मुख्यमंत्री की घोषणाओं-जैसे 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन, प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार, प्रत्येक जिले में प्रवासियों के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति व राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर्स की स्थापना की भी जानकारी साझा की।

### प्रवासी उद्यमियों का सम्मान

डॉ. अरोड़ा ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (RIPS) 2024 की प्रमुख विशेषताओं के साथ ही राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के लिए बनाई गई निवेश अनुकूल नीतियों के बारे में भी विस्तार से बताया। इस आयोजन में प्रवासी राजस्थानियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, अपने अनुभव साझा किए एवं राजस्थान के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने की इच्छा प्रकट की। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती, देवास द्वारा 'उद्योग सम्मान' पहल के तहत कई प्रवासी उद्यमियों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देवास के जिलाधिकारी ऋतुराज सिंह, लघु उद्योग भारती के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश मित्तल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष समीर मुंद्रा, महिला इकाई अध्यक्ष रचना तलाटी, सचिव किंशु गुप्ता, सह-संयोजक राधिका मुंद्रा आदि उपस्थित रहे।

### पांच दिवसीय चेस टूर्नामेंट 23 से



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी में पांच दिवसीय जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण 23 से 27 अप्रैल तक जयपुर क्लब में आयोजित किया जाएगा। जेएचडब्लू के संस्थापक और सीईओ हिम्मत सिंह ने बताया कि वेव्स और जेएचडब्ल्यू (जयपुर हेल्थ एंड वैलनेस) की संयुक्त पहल इस टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी करेंगी। उद्घाटन समारोह में नारायण अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर बलविंदर सिंह वालिया, केयर हेल्थ इंश्योरेंस के रीजनल हैड राहुल पचोरी, रॉयल जयपुर क्लब से रवि बजाज, मध्य प्रदेश से कैट के जोनल हेड भूपेंद्र जैन सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी। वेव्स के संस्थापक जयेंद्र चतुर्वेदी और अमरीश जोशी ने बताया कि इस संस्करण में पूरे भारत से लगभग 500 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में शामिल होने आ रहे हैं। जेएचडब्लू के सह-संस्थापक भूपेंद्र सिंह और आर.के. व्यास ने बताया कि नारायण अस्पताल टूर्नामेंट के मेडिकल पार्टनर, केयर हेल्थ इंश्योरेंस सहयोगी और साथ-साथ स्वास्थ्य बीमा पार्टनर भी हैं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, शनिवार, 19 अप्रैल, 2025



प्रेरणा सपनों को प्राप्त करने योग्य लक्ष्यों में बदल देती है।

डॉ. जगदीश चंद्र, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पत्रकारों को बड़ी सौगात

# उच्च शिक्षा के लिए लागू की छात्रवृत्ति योजना

**बेधड़क । जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा को पूर्ण करते हुए यह योजना शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत राज्य के सभी अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के तहत, आवेदक छात्र/छात्रा के माता-पिता में से किसी एक का सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान से अधिस्वीकृत पत्रकार होना अनिवार्य है। ऐसे अधिस्वीकृत पत्रकार जिनकी आजीविका पूर्णतः पत्रकारिता पर निर्भर हो तथा अभ्यर्थी सहित परिवार की



वार्षिक आय अधिकतम 5 लाख रुपए से कम हो, उनके दो बच्चे इस योजना के लिए पात्र होंगे।

राष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों से लिए गए केवल अनिवार्य नॉन-रिफंडेबल शुल्क का 50 प्रतिशत पुनर्भरण (रीइम्बर्समेंट) बैंक खाते के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा।

यदि पाठ्यक्रम एक से अधिक वर्ष का हो, तो छात्रवृत्ति का नवीनीकरण प्रत्येक वर्ष किया जाएगा। आवेदनकर्ता को निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में आवेदन करना होगा।

### पत्रकार कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व में भी पत्रकारों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने अधिस्वीकृत पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना (आरजेएचएस) का शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत अधिस्वीकृत पत्रकारों और उनके परिवारजनों को राजस्थान सरकारी स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण के लिए आयु सीमा और अनुभव में छूट दी गई है। अब न्यूनतम पात्रता आयु 45 वर्ष तथा पत्रकारिता में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव आवश्यक होगा। साथ ही, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से जोड़ने के लिए नव-प्रसारक नीति जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, पत्रकार एवं साहित्यकार कल्याण कोष से अधिस्वीकृत पत्रकारों एवं उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है।

## कोटा में MSME एक्सपो का शुभारंभ

# कोटा की औद्योगिक विरासत को मिलेगा आधुनिक रूप: बिरला

**बेधड़क । कोटा**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शुक्रवार को कोटा में एमएसएमई एक्सपो का शुभारंभ किया। बिरला ने इस आयोजन को नवाचार, आत्मनिर्भरता और आर्थिक समावेशिता के एक नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि नए विचारों, अवसरों और संभावनाओं का महासंगम है, जो देशभर से आए युवा और महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का सशक्त अवसर प्रदान कर रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटा, जो कभी औद्योगिक नगरी के रूप में देशभर में जाना जाता था, आज भी उसी संभावना और सामर्थ्य को अपने भीतर समेटे हुए है। दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर, कांडला-इलाहाबाद मार्ग, सुदृढ़ रेल नेटवर्क और शीघ्र प्रारंभ होने वाली एयर कनेक्टिविटी के साथ कोटा अब भारत के सबसे वेल-कनेक्टेड शहरों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि सड़क, रेल और हवाई संपर्क के साथ-साथ चंबल नदी का सतत आशीर्वाद और जल, बिजली, गैस, परमाणु तथा सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं कोटा को भविष्य की औद्योगिक राजधानी बना सकती हैं। कार्यक्रम को ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में हुए कुल 35 लाख करोड़ के एमओयू में से 28 लाख करोड़ के केवल ऊर्जा क्षेत्र में हुए हैं।



कोटा में एमएसएमई एक्सपो का शुभारंभ करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे।

### एयरपोर्ट निर्माण से खुलेगा वैश्विक निवेश का द्वार

ओम बिरला ने कहा कि कोटा एयरपोर्ट परियोजना अब धरातल पर आने को तैयार है। इसका निर्माण कार्य जून माह से प्रारंभ होगा और आगामी दो वर्षों में पूर्ण कर लिया जाएगा। एयरपोर्ट के शुरू होने से कोटा को वैश्विक निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के लिए नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोटा आने वाले वर्षों में उद्योग, शिक्षा, कृषि और पर्यटन जैसे सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी शहरों में शामिल होगा। यह केवल एक संभावना नहीं, बल्कि हमारा संकल्प, हमारी प्रतिबद्धता और साझा प्रयासों का सशक्त परिणाम होगा।

### MSME सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़: शोभा करंदलाजे

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि कृषि के बाद देश में सबसे अधिक रोजगार एमएसएमई सेक्टर द्वारा प्रदान किया जाता है। वर्तमान में इस सेक्टर से 26 करोड़ से अधिक लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। देश की जीडीपी में 30%, मैन्युफैक्चरिंग में 45% और एक्सपोर्ट में 40% योगदान इसी सेक्टर का है। इस वर्ष के केंद्रीय बजट में एमएसएमई के वर्गीकरण को संशोधित किया गया है ताकि उद्यमों को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 10 वर्षों में एमएसएमई को प्रोत्साहन देने के लिए वित्तीय सहायता, तकनीकी मदद, स्किल ट्रेनिंग और विपणन सुविधा जैसे अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत सरकारी खरीद में 25% एमएसएमई से करना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे छोटे उद्योगों को सीधा लाभ मिल रहा है। फूड प्रोसेसिंग सेक्टर की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि रेडी-टू-ईट और रेडी-टू-कुक फूड की अंतरराष्ट्रीय मांग तेजी से बढ़ रही है। कोटा में उपलब्ध कृषि उत्पादों को आधार बनाकर फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को विकसित किया जाएगा, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य और नए रोजगार के अवसर मिल सकें।



प्रदर्शनी में लगाई गई विभिन्न स्टॉल्स का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने अवलोकन किया।

### हाड़ौती बनेगा एग्रो इंडस्ट्री और जैविक खेती का मॉडल

बिरला ने कहा कि कोटा-बूंदी-बारां-झालावाड़ क्षेत्र एग्रो इंडस्ट्री के लिए आदर्श क्षेत्र है। बूंदी में इथेनॉल और पेय पदार्थों से जुड़े उद्योग, इंडस्ट्रियल पार्क, जैविक खेती और हाइड्रोपोनिक्स तकनीक के माध्यम से यह क्षेत्र कृषि नवाचार का उदाहरण बनेगा। उन्होंने भामाशाह मंडी को विश्व स्तरीय और आधुनिक मंडी के रूप में विकसित करने की बात भी दोहराई, जिससे किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि मदर डेयरी द्वारा 4,000 करोड़ रुपए की लागत से एक विशाल प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिससे ग्रामीण उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने की दिशा में नया मार्ग प्रशस्त होगा।

## IAS मुग्धा सिन्हा बनीं ITDC की नई प्रबंध निदेशक



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान कैडर की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुग्धा सिन्हा को केंद्र सरकार ने भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) का नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। वर्तमान में वह पर्यटन मंत्रालय में महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

मुग्धा सिन्हा 1999 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और अपनी सशक्त कार्यशैली तथा प्रशासनिक अनुभव के लिए जानी जाती हैं। उनकी नई नियुक्ति केंद्र सरकार में अतिरिक्त सचिव स्तर के समकक्ष होगी, और उन्हें उसी के अनुरूप वेतनमान प्राप्त होगा। इस नई भूमिका में सिन्हा भारत में पर्यटन के क्षेत्र में नवाचार और विकास को नया दृष्टिकोण देने का कार्य करेंगी। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में आईटीडीसी को नई दिशा और गति मिल सकती है। राजस्थान में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकीं सिन्हा को प्रशासनिक नवाचार और नीतिगत क्रियान्वयन में विशेषज्ञता हासिल है।

## बेधड़क FIRST

### पुराने पोस्टर से कांग्रेस का प्रदर्शन!

जयपुर में ईडी के खिलाफ कांग्रेस के ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन महज औपचारिकता बनकर रह गया। कई जगहों पर 15-20 कार्यकर्ता ही जुटे। सांगानेर में तो 16 अप्रैल का पुराना पोस्टर लहराया गया, जो ईडी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन के लिए था। हैरानी की बात यह रही कि प्रदर्शन में 8-10 साल के बच्चे भी शामिल थे।

### कांग्रेस नेता और आदिवासी पॉलिटिक्स!

मई के पहले सप्ताह में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता वागड़ के तीन दिवसीय दौरे की योजना बना रहे हैं। इस योजना में पूर्व सांसद और सीडब्ल्यूसी के एक पूर्व सदस्य की भूमिका अहम है। नेता अब नए ग्रुप के साथ आदिवासी नेताओं का मन टटोलने की कोशिश कर रहे हैं। प्लानिंग करने वाले नेता पहले पूर्व मुखिया के ग्रुप में थे, लेकिन अब ग्रुप बदलकर नई रणनीति पर काम कर रहे हैं।

### स्टेट हाईवे के टोल प्लाजाओं पर फास्ट टैग लगने से बदली फिजा

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी की पहल पर राजस्थान के सभी 140 टोल प्लाजा पर फास्ट टैग सिस्टम सफलतापूर्वक लागू हो गया है। इससे टोल राजस्व में 30-100% तक वृद्धि हुई है। रियल टाइम केंद्रीकृत निगरानी से पारदर्शिता, सुरक्षा में सुधार हुआ है। यातायात प्रवाह में सुधार के साथ टोल पार करने का समय 90 फीसदी कम हुआ है। बिसोटेक इंडिया के निदेशक धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि यह स्मार्ट टोलिंग का मॉडल बनेगा।

### 1200 से अधिक डॉक्टर्स को प्रमोशन का इंतजार

चिकित्सा विभाग की लेट लतीफी से चिकित्सक चकरघिन्नी बने हुए हैं। दरअसल इन डॉक्टर्स का प्रमोशन अप्रैल 2024 में होना था। मेडिकल ऑफिसर से सीनियर मेडिकल ऑफिसर, सीएमएचओ पद पर प्रमोशन लंबित चल रहे हैं। इसी तरह एमडी किए एमओ को जूनियर स्पेशलिस्ट और जेएस से सीनियर स्पेशलिस्ट के पद पर प्रमोशन नहीं हुआ। सूत्रों का कहना है कि डीपीसी के लिए फाइल पिछले छह माह सचिवालय में लंबित पड़ी है, लेकिन उस पर अब तक कोई मूवमेंट या फैसला नहीं हो रहा है। इस बारे में प्रमुख चिकित्सा सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि ये मामला मेरी जानकारी में आया है। जल्द ही प्रमोशन को फाइनल करेंगे।

### राहुल गांधी का मिशन गुजरात

गुजरात में राहुल गांधी एक और फॉर्मूला लागू करेंगे। पिछले दिनों जिला लेवल की बैठक में राहुल ने इसका फॉर्मूला शेयर कर कहा था कि चाहे कितना ही बड़ा नेता हो, जिले में चुनाव में परफॉर्मेंस कमजोर रहने पर उसको मंत्री नहीं बनाएंगे। बाकायदा राहुल गांधी ने एक उदाहरण के साथ यह दावा कर कहा, मान लो किसी जिले में 6 सीटों पर कांग्रेस को एक सीट मिलती है तो फिर उस दिग्गज नेता का नंबर सरकार में मंत्री बनने में नहीं आएगा। राहुल के इस बयान से अब गुजरात के दिग्गजों की धड़कनें बढ़ गई।

### गुजरात के केवड़िया में भाजपा विधायकों की ट्रेनिंग

गुजरात के केवड़िया में देशभर के भाजपा विधायकों की ट्रेनिंग होगी। 5-6-7 मई को विधायकों की ट्रेनिंग होगी। अलग-अलग सत्रों में आयोजन होगा। 5 मई की शाम को सत्र शुरू होगा। गुड गवर्नेंस के एजेंडे पर शिविर की शुरुआत होगी। अलग-अलग सत्रों में कई तरह की ट्रेनिंग दी जाएगी। केंद्र सरकार की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने पर फोकस रहेगा।

## 'अंतरराष्ट्रीय रजिस्टर पर हमारे 14 शिलालेख'

**नई दिल्ली/जयपुर।** श्रीमद भगवद गीता और भरत मुनि का नाट्यशास्त्र अब यूनेस्को की स्मृति विश्व रजिस्टर में लिखा गया है। सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत की सभ्यता की विरासत के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। अब अंतरराष्ट्रीय रजिस्टर पर हमारे देश के 14 शिलालेख हैं। शेखावत के ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि दुनिया भर में हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया भर में हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है। शेखावत ने कहा कि यह वैश्विक सम्मान भारत के शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का जश्न मनाता है।

## केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया निर्माणाधीन बिल्डिंग का अवलोकन

# दिवाली पर जोधपुर को मिलेगा नए एयरपोर्ट टर्मिनल का तोहफा

**बेधड़क । जोधपुर**

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर निर्माणाधीन नई टर्मिनल बिल्डिंग का अवलोकन किया। शेखावत ने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि एयरपोर्ट विस्तार को लेकर जोधपुरवासियों का तीन दशक का सपना पूरा होने जा रहा है। दीपावली पर नए टर्मिनल की सौगात जोधपुरवासियों को मिलेगी। जोधपुर देश के सभी बड़े शहरों से कनेक्ट होगा।

निर्माणाधीन नई टर्मिनल बिल्डिंग में मीडिया से रू-ब-रू होते हुए शेखावत ने कहा कि जोधपुर मरुस्थल का गेट-वे है, उस दृष्टिकोण से भी जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार की अनेक वर्षों से प्रतीक्षा थी। जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार में दो तरह की बाधाएं थीं। एक एयरपोर्ट पर भूमि की कमी थी, क्योंकि इसका अधिकांश भाग इंडियन एयरफोर्स के पास है। दूसरा, जोधपुर एयरपोर्ट पर ऑटोमेटिक लैंडिंग की फैसिलिटी नहीं थी। इसके कारण नाइट लैंडिंग नहीं हो पाती। 10 साल के लगातार प्रयासों के बाद ये बाधाएं दूर हुई हैं। उन्होंने जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद देते हुए कहा कि पीएम मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को फ्यूचर रेडी बनाने का काम किया है। शेखावत ने कहा कि जोधपुर राजस्थान का जयपुर के बाद दूसरा बड़ा शहर है। आने वाले समय में जब कभी आवश्यकता होगी, एक महीने के शॉर्ट नोटिस पर जोधपुर एयरपोर्ट को डोमेस्टिक से इंटरनेशनल में कन्वर्ट किया जा सकेगा।



नए एयरपोर्ट टर्मिनल का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट विस्तार का लाभ जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट, स्टील, टेक्सटाइल, केमिकल, स्टोन, इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज आदि मिलेगा। उन्होंने कहा कि जोधपुर न केवल सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस टर्मिनल के निर्माण से क्षेत्रीय विकास को नया आयाम मिलेगा और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### 480 करोड़ की आएगी लागत

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि जोधपुर एयरपोर्ट पर 480 करोड़ रुपए का निर्माण हो रहा है। यहां मल्टीलेवल पार्किंग होगी, जो अभी उत्तर भारत में केवल मुंबई और दिल्ली में ही है। अभी जोधपुर एयरपोर्ट में मात्र 200 पैसेंजर की क्षमता है, जो अब 2000 पैसेंजर की होने वाली है। एयरपोर्ट की बिल्डिंग अभी 3900 स्क्वायर मीटर की है, जो छह गुना बढ़कर 24 हजार स्क्वायर मीटर होने जा रही है। इंजीनियर्स के मुताबिक नई बिल्डिंग में 20 साल के लिए प्रोविजन किया गया, लेकिन जिस तरह से देश में विस्तार हो रहा है और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, मुझे विश्वास है कि 10 साल तक यह बिल्डिंग आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

### पीएम मोदी का सपना हो रहा साकार

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एविएशन सेक्टर में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है। अभी भारत में 480 एयरक्राफ्ट फंक्शनल हैं, जिसकी संख्या अगले तीन साल में 1480 होने वाली है। प्रधानमंत्री ने 10 साल पहले कहा गया कि हवाई चप्पल पहनने वाला देश में हवाई जहाज में घूमेगा, वह अब साकार होता दिख रहा है।

## चीता संरक्षण पर हुई विस्तृत चर्चा

# भोपाल में 'प्रोजेक्ट चीता' पर हाई लेवल मीटिंग



**बेधड़क. भोपाल।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को भोपाल में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रोजेक्ट चीता को लेकर अहम बैठक की। बैठक का उद्देश्य चीतों के संरक्षण एवं पुनर्वास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा और उनके क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा करना था। इस बैठक में चीता परियोजना के तहत किए जा रहे प्रयासों, विशेष रूप से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की स्थिति, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और प्राकृतिक वातावरण में समायोजन को लेकर चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री ने चीता संरक्षण को सरकार की प्राथमिकताओं में से एक बताया और सभी संबंधित एजेंसियों से मिलकर काम करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी राज्य सरकार की ओर से प्रोजेक्ट चीता को हरसंभव समर्थन देने का आश्वासन दिया।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित। प्रधान संपादक: डॉ. जगदीश चंद्र, प्रबंध संपादक: पवन अरोड़ा, संपादक: मनोज माथुर*, RNI No. : RAJHIN/2021/82557 फोन नं. : 0141-4920504 (ऑफिस), ई-मेल: sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।